तापमान

अधिकतम 30.9 डिग्री

न्यूनतम 16.3 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026

उपार्जन केंद्रों में जमा है 85 लाख मीट्रिक टन धान... 12



बिजली बिल समय पर जमा करने वाले उपभोक्ताओं... 14



## खबर संक्षेप

### पुलिस कमिश्नर ने कर्मियों को किया संबोधित



रायपुर। शंकर नगर सभागार में पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने शंकर नगर स्थित सभागार में सोमवार को पुलिस अधिकारी, कर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कमिश्नरी सिस्टम का उद्देश्य केवल अधिकारों का विस्तार नहीं, बल्कि पुलिस और आम नागरिक के बीच भरोसे का मजबूत सेतु बनाना है। भयमुक्त और सुरक्षित रायपुर का निर्माण तभी संभव है, जब पुलिस संवेदनशील, जवाबदेह और जनहितकारी दृष्टिकोण के साथ कार्य करे। डॉ. शुक्ला ने पुलिसकर्मियों को बेसिक पुलिसिंग का पालन करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभ्य व्यक्तिगत आचरण, नागरिकों से शालीन व्यवहार और उनकी शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुनकर वैधानिक समाधान देना ही जनविश्वास की नींव है।

### पुलिस का अभियान, पौने दो सौ वारंटी गिरफ्तार




रायपुर। सेंट्रल जोन पुलिस ने अभियान चलाकर सोमवार को 181 वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने उक्त अभियान एसीपी अमित तुकाराम कांबले के मार्गदर्शन में तथा डीसीपी उमेश गुप्ता के निर्देशन में किया। अभियान के तहत पुलिस ने सात थाना क्षेत्र में वारंटियों की पतासाजी कर गिरफ्तारी की है। पुलिस के अनुसार वारंटियों के विरुद्ध विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी के नोडल अफसरों संग बैठक



रायपुर। ऑनलाइन माल डिलीवरी करने वाली कंपनियों के नोडल अफसरों के साथ सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट के अफसरों ने बैठक की। बैठक में पुलिस अधिकारियों द्वारा नोडल अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि प्रतिबंधित ई-सिगरेट, गोगो पेपर, हुक्का एवं हुक्का से संबंधित किसी भी प्रकार की सामग्री, साथ ही किसी भी प्रकार के चाकू, धारदार एवं घातक हथियार व नारकोटिक पदार्थ सहित अन्य प्रतिबंधित सामग्री की रायपुर में ऑनलाइन डिलीवरी किसी भी परिस्थिति में न की जाए। ऑनलाईन ऑर्डर की गई सामग्री की डिलीवरी ग्राहकों को उनके द्वारा ऑर्डर के समय दर्ज किए गए पते (घर, दुकान अथवा संस्था) पर ही करने निर्देश दिए गए।

### केबल वायर चोरी के आरोप में चार गिरफ्तार



रायपुर। कोतवाली थाने की पुलिस ने स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत आईटीएमएस के लिए बिछाए केबल चोरी करने के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। धुतिमान सामल की शिकायत पर पुलिस ने सरोज यादव, नरसिंह बरिहा, बिरंची नाग, अजय देवांगन को गिरफ्तार किया है। चोर साढ़े पांच किलो तांबे का केबल चोरी कर ले गए थे। गिरफ्तार आरोपियों में दो चोरी के माल खरीदने वाले शामिल हैं।

# मरीजों को बड़ी राहत, निजी अस्पतालों की फार्मेसी से दवा खरीदना जरूरी नहीं, बोर्ड भी लगाना होगा

## थमेगी हास्पिटल की दवा दुकान की मनमानी, औषधि नियंत्रक ने जारी किया आदेश

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बीमारी का इलाज कराने प्राइवेट अस्पताल आने वाले मरीजों को वहीं की फार्मेसी से दवा खरीदना अनिवार्य नहीं होगा। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक की ओर इस मामले में आदेश जारी किया गया है। अस्पतालों के मेडिकल स्टोर्स में 'दवाई यहां से खरीदना अनिवार्य नहीं है' की तख्ती लगाना भी अनिवार्य किया गया है। औषधि नियंत्रक द्वारा जारी किए गए इस आदेश के बाद निजी अस्पतालों के भीतर संचालित होने वाली दवा दुकानों की मनमानी पर रोक लगेगी। अभी इस तरह की शिकायत आम होती है कि संबंधित अस्पताल के डाक्टरों द्वारा लिखी जाने वाली दवा वहीं की दवा दुकानों में एमआरपी के हिसाब से मिलती है। इसके साथ मरीज के अटेंडरों पर इस बात की भी दबाव होता है कि हास्पिटल से दी जाने वाली पर्ची की दवा उनके अधिकृत मेडिकल स्टोर्स से ही खरीदी जाए। वर्तमान में सारे बड़े और मध्यम दर्जे के हास्पिटलों की स्वयं की दवा दुकान है। इसके अलावा छोटे हास्पिटल और क्लीनिक संचालित करने वाले डाक्टर की दवा दुकानों से सीधे सेटिंग है, जहां से मरीजों को दवा खरीदने का दबाव रहता है। इस तरह की समस्या को देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक की ओर से सभी जिलों के सहायक औषधि नियंत्रकों को निर्देशित किया गया है कि इस अनिवार्यता पर रोक लगाया जाए।

### दवा संगठन भी जा चुका ऐतराज

अस्पतालों के भीतर दवा दुकान संचालित किए जाने विभिन्न दवा संगठन पहले भी आपत्ति कर चुका है। उनका तर्क था कि इन दवा दुकानों की वजह से सालों से दवा कारोबार करने वालों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा साथ ही मरीजों को बाजार से अधिक दमों पर दवा दी जा रही है। रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष विनय कृपलानी सचिव संजय रावत उपाध्यक्ष अश्विनी विग ने कहा कि यह आदेश लंबे समय से चली आ रही उस समस्या पर प्रभावी अंकुश लगाएगा, जिसमें निजी अस्पतालों द्वारा मरीजों एवं उनके परिजनों पर अस्पताल परिसर में स्थित मेडिकल स्टोर से ही दवाइयां खरीदने का दबाव बनाया जाता रहा है।



### सुप्रीम कोर्ट के आदेश का संदर्भ

सामाजिक कार्यकर्ता वासुदेव जोतवानी द्वारा निजी हास्पिटलों में मरीज और उनके अटेंडरों पर अधिकृत दुकान से दवा खरीदने के दबाव से होने वाली पीड़ा को ध्यान में रखकर शिकायत दर्ज कराया था। इस आधार पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की ओर से यह आदेश जारी किया गया है। जिक्र किया गया है कि हास्पिटलों की दवा दुकानों से खरीदी के लिए मिलने वाले दबाव की शिकायत औषधि विभाग के कार्यालय में की जा सकती है।

## जिन पुलिस अफसरों को कार्यालय नहीं मिले, उन्हें जल्द अलॉट होंगे ऑफिस

# पुलिस कमिश्नरेट को मिल चुकी न्यायिक शक्तियां पर इस्तेमाल 15 दिन बाद, फिलहाल ट्रेनिंग

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली शुरू हुए 10 दिन हो गए हैं, पर अभी अफसरों ने न्यायिक शक्तियों का इस्तेमाल करना शुरू नहीं किया है। प्रतिबंधात्मक मामलों को अभी भी एसडीएम, एडीएम कोर्ट भेजा जा रहा है। अफसर ट्रेनिंग के बाद इसकी शुरुआत करेंगे। इसमें 15 दिन का वक्त लग सकता है। कहा जा रहा है कि उसके बाद गुंडे बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई और तेज होगी।

गौरतलब है, कमिश्नरेट प्रणाली में पुलिस अफसरों को कानून व्यवस्था बनाए रखने न्यायिक शक्तियां प्रदान की जाती हैं। कमिश्नरेट में शामिल पुलिस अफसरों को न्यायिक शक्ति का पालन करने पॉवर मिल गए हैं और उनको किन न्यायिक शक्तियों का पालन करना है, यह एक दो दिन में तय हो जाएगा। इसके लिए पुलिस कमिश्नरेट के अफसरों को ट्रेनिंग दी जा ▶▶ शेष पेज 13 पर

### बदमाशों के खिलाफ थोक में कार्रवाई

शहरी पुलिस को तीन जोन में बांटकर डीसीपी के दिशा निर्देश पर पुलिस अलग-अलग जोन में बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने महज एक सप्ताह के भीतर तीन सौ के करीब बदमाशों को जेल भेजने की कार्रवाई की है। इसके साथ ही स्थायी तथा फरार वारंटियों की पतासाजी तेज हो गई है।



■ न्यायिक शक्तियां मिलने के बाद कार्रवाई में आएगी और तेजी

### सिस्टम में दिखने लगा बदलाव

राजधानी पुलिसिंग में बदलाव होने के बाद सिस्टम में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। राजधानी के साथ ग्रामीण पुलिसिंग में कसावट आई है। पुलिस कसावट के कारण हाल के दिनों में ग्रामीण पुलिस ने तिल्दा थाना क्षेत्र में लाखों रुपए के गांजा के साथ नशीली दवाओं का जखीरा जब्त किया है। इसी के साथ पुलिस कमिश्नर ने अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए गांजा पीने के रोल पेपर पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने आदेश जारी किया। आदेश जारी होने के बाद पुलिस ने दो बड़े कारोबारियों के प्रतिष्ठानों में छापे की कार्रवाई करते हुए लाखों रुपए के गांजा पीने के रोल पेपर के साथ हुक्का तथा हुक्का में इस्तेमाल सामग्री जब्त करने में कामयाबी हासिल की है।

### जल्द ही कोर्ट रूम

पुलिस कमिश्नरेट में शामिल अफसर जल्द ही बदमाशों के खिलाफ अपनी न्यायिक शक्तियों का प्रयोग करेंगे। कमिश्नरेट में शामिल जिन अफसरों को ऑफिस नहीं मिला है, उनके लिए भी जगह तय कर ली गई हैं। कमिश्नरेट के अफसरों के लिए जल्द ही कोर्ट रूम तैयार कर लिया जाएगा।

- डॉ. संजीव शुक्ला
पुलिस कमिश्नर

### संगठित गिरोह को तोड़ना बड़ी चुनौती

पुलिस ने अब तक जिन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है, वो सभी सतही स्तर के बदमाश हैं। राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में संगठित गिरोह से जुड़े बदमाश अब भी गांजा बिक्री कराने के साथ अन्य तरह के अपराध कर या करवा रहे हैं। सफेद पोश जुआ संचालित करवाने के साथ बड़े पैमाने पर ऑनलाइन सट्टा संचालित करवा रहे हैं। ऐसे संगठित अपराध से जुड़े बदमाश पुलिस की कार्रवाई शुरू होने पर कुछ दिनों के लिए अपना काम बंद कर देते हैं। पुलिस कार्रवाई धीमी होने के बाद संगठित गिरोह से जुड़े बदमाश पुनः अपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं।

### मादक पदार्थ के लिए इंटर स्टेट गैंग सक्रिय

पूर्व में मादक पदार्थ की तस्करी के नाम पर केवल गांजा तथा शराब और नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले गिरोह से जुड़े बदमाश शामिल थे। पिछले एक दशक में राजधानी में हेरोइन, कोकीन, एमडीएमए जैसे मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह भी सक्रिय हो गए हैं। हेरोइन, कोकीन तथा एमडीएमए जैसे घातक नशा का कारोबार दूसरे राज्य के ड्रग पैडलर रायपुर में आकर अपने गुर्गे तैयार कर करते हैं। ऐसे इंटर स्टेट गिरोह पर पुलिस को लगाम लगाने की आवश्यकता है। होरेइन, कोकीन, एमडीएमए जैसे घातक नशा का कारोबार में ज्यादातर संपन्न वर्ग से जुड़े परिवार के युवा करते हैं। वीआईपी रोड, विधानसभा रोड स्थित कई क्लब में टेक्नो पार्टी की आड़ में सूखा नशा का कारोबार संचालित होता है। मुंबई, दिल्ली से ड्रग पैडलर यहां एमडीएमए जैसे सिंथेटिक नशा की डीलीवरी देने के लिए आते हैं।

# यूपीएससी, व्यापम व सीबीएसई के बाद अब रविवि की परीक्षाएं भी टकराईं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एक ही समय में कई परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के समक्ष विकट स्थिति निर्मित हो गई है। यूपीएससी, व्यापम और सीबीएसई की परीक्षा तिथि पहले से ही टकरा रही थी, अब इस दौड़ में पं.रविशंकर शुक्ल विवि भी शामिल हो गया है। 8 फरवरी को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन होगा। इसके एक दिन पूर्व रविवि की परीक्षा भी आयोजित हो रही है। छात्रों ने रविवि प्रबंधन से मांग करते हुए इसमें बदलाव की मांग की है। छात्रों का कहना है कि कई अभ्यर्थियों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा का केंद्र उस जिले को नहीं चुना है, जिस जिले में उनके महाविद्यालय हैं और ▶▶ शेष पेज 13 पर

■ केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा से एक दिन पूर्व रविवि की परीक्षाएं

■ कई छात्रों के परीक्षा केंद्र दूसरे जिले में, उनके लिए चुनौती

### इंजीनियरिंग छात्रों के समक्ष भी संकट

सीजी व्यापम द्वारा 8 फरवरी को एनआरडीए अर्थात नया रायपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी के अंतर्गत जूनियर इंजीनियर भर्ती परीक्षा ली जाएगी। इसी दिन यूपीएससी द्वारा इंजीनियरिंग सर्विस परीक्षा प्रीलिम्स भी ली जाएगी। ऐसे में अभ्यर्थियों को एक परीक्षा से वंचित होना पड़ेगा। इसके अलावा ▶▶ शेष पेज 12 पर

# इंतजार में बीता सप्ताह, नहीं मिली 'आयुष्मान' की खैर-खबर, स्वास्थ्य मंत्री का आश्वासन- आज से भुगतान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से निजी हास्पिटलों में इलाज बंद होने की मुसीबत टल गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आश्वासन दिया है कि मंगलवार से अस्पतालों को भुगतान शुरू हो जाएगा। इसके लिए वित्त विभाग से मंजूरी मिल चुकी है। बकाया राशि 600 करोड़ से ज्यादा होने पर आईएमए द्वारा दिए गए दस दिन का अल्टीमेटम दिया गया था, जिसके सात दिन राशि मिलने के इंतजार में बीत चुके थे। राशि लंबित होने का सबसे ज्यादा असर छोटे और मंझोले अस्पतालों पर हो रहा है। निजी हास्पिटलों से जुड़े चिकित्सकों का कहना है कि स्वास्थ्य सहायता योजना में किए जाने वाले इलाज का निजी अस्पतालों को भुगतान नियमित नहीं हो पा रहा है। समय-समय पर संगठन को इसके लिए सामने आकर लंबित राशि का भुगतान किए जाने के लिए निवेदन करना पड़ता है। किए गए उपचार ▶▶ शेष पेज 13 पर

■ अटके 600 करोड़ से ज्यादा, आईएमए ने दिया था दस दिन का अल्टीमेटम

### स्थाई समाधान जरूरी .

भुगतान को लेकर समय-समय पर परेशानी का सामना हास्पिटलों को करना पड़ता है। पिछले बैठक में शासन को अपनी परेशानी से अवगत कराया गया था। इस समस्या के स्थायी समाधान की आवश्यकता है।

- डॉ. सुरेंद्र शुक्ला
अध्यक्ष, हास्पिटल बोर्ड आईएमए

### शीघ्र भुगतान का प्रयास

अस्पतालों को लंबित राशि के शीघ्र भुगतान किया जा रहा है। जनस्वास्थ्य से जुड़े मामले में राज्य सरकार संवेदनशील है, योजना में किसी तरह का व्यवधान नहीं आने दिया जाएगा।

- श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य मंत्री, छग

### समस्या राज्य के हिस्से से

चिकित्सकों के मुताबिक आयुष्मान योजना के तहत किए जाने वाले इलाज की राशि का 40 फीसदी हिस्सा केंद्र और 60 प्रतिशत राज्य का होता है। केंद्र द्वारा अपना हिस्सा तो दे दिया जाता है मगर राज्य अपने हिस्से की राशि समय पर जारी नहीं कर पाती। इसकी वजह से अस्पतालों को भुगतान नहीं हो पाता और उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनका तर्क है कि पुराने पैकेज पर काम करने के बाद भी समय पर राशि नहीं मिलना अस्पतालों के लिए दोहरी समस्या है।

### बड़े अस्पताल हाथ खींच चुके

राज्य में कुछ बड़े अस्पताल अघोषित रूप से इस योजना के माध्यम से मरीजों का इलाज करने से हाथ खींच चुके हैं। आने वाले मरीजों को नकद इलाज के लिए जोर दिया जाता है। छोटे और मध्यम अस्पतालों में मरीजों को इसकी सुविधा मिलती है, मगर समय पर भुगतान नहीं होने की वजह से वे भी इस समस्या से अपना हाथ खींचने लगे हैं। आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता उन मरीजों के लिए बड़ा सहारा साबित होती है, जो निजी हास्पिटलों का खर्च वहन करने की स्थिति में नहीं हैं।

### तीन दिन से शहर का पारा राज्य में सबसे ज्यादा

रायपुर। पश्चिमी विक्षोभ की आवाजाही के दौरान प्रदेश के मौसम में मामूली उतार-चढ़ाव के बीच पिछले तीन दिन से राज्य में सबसे ज्यादा तापमान रायपुर का दर्ज किया जा रहा है। पिछले चौबीस घंटे में न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट भी आई है। ठंड के सीजन के ढलान में आने और गर्मी की शुरुआत के पहले मौसम में मामूली उतार-चढ़ाव के बीच ठहराव की स्थिति बन जाती है। राज्य में कुछ ऐसे ही हालात बने हुए हैं और दिन के साथ रात के तापमान में मामूली बदलाव हो रहा है। विक्षोभ के प्रभाव से जब हवा की दिशा बदलती है तो न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हो जाती है वहीं जब नमीयुक्त हवा का प्रभाव कम होता है तो इसमें गिरावट आ जाती है। पिछले चौबीस घंटे में न्यूनतम तापमान में थोड़ी कमी हुई और दिन का पारा भी सामान्य रहा है। आंकड़ों की माने तो पिछले तीन दिन से रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रिकार्ड किया जा रहा है। सोमवार को यहां का पारा 30.9 दर्ज किया गया और अन्य शहरों का पारा इससे कम था।

# कचरा ढोने वाली गाड़ियों में लगेगा अब ग्रीन नेट, सड़क पर नहीं गिरेगा कूड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर में लोगों के घरों और दुकानों से डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली सफाई गाड़ियों में अब एक ही प्रकार व मानक का ग्रीन नेट लगेगा। कचरा परिवहन के दौरान सड़कों पर कचरा गिरने से होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया जाएगा। महापौर मीनल चौबे ने रामकी कंपनी के अधिकारी को निर्देश दिए कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने सभी सफाई वाहनों में ग्रीन नेट जरूर लगाएं।

■ सड़क पर कचरा गिरने से हो रही परेशानी पर महापौर ने लिया संज्ञान

राजधानी रायपुर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने महापौर मीनल चौबे ने शहर की सफाई का ▶▶ शेष पेज 13 पर



### रोज निकल रहा 570 टन कूड़ा

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों से डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य के लिए रामकी कंपनी ने 258 सफाई वाहनों की व्यवस्था दी है। इससे प्रतिदिन 570 मीट्रिक टन गीला और सूखा कचरा सेकेंडरी कलेक्शन पाइंट से होकर सकरी के लैंडफिल साइट भेजा जा रहा है। इसके अलावा नवा रायपुर से 12 टन कूड़ा गाड़ी में भरकर निष्पादन के लिए भेजा जा रहा है। रामकी के सिटी हेड योगेश कुमार ने बताया कि जल्द ही 10 नई गाड़ियां और आने वाली हैं, इससे आवश्यकता अनुसार संबंधित वार्डों में डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के उपयोग में लाया जाएगा।

## महापौर ने कहा- मार्निंग वॉक वालों को सुबह 10 बजे तक पार्किंग फ्री

# प्लानिंग में जुटा निगम: तेलीबांधा तालाब पार्किंग पर ट्रायल 10 दिन तक गाड़ी पार्क करने में नहीं लगेगा कोई शुल्क

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तेलीबांधा तालाब के सामने वाली सड़क पर सुबह के समय मार्निंग वॉक करने वालों के लिए पार्किंग फ्री रहेगी। सुबह 10 बजे तक वे ब्रेफिक्र होकर सेहतमंदी के लिए परिक्रमा पथ पर टहल सकते हैं। वहीं शाम के समय वॉक करने वालों को भी गाड़ी पार्क करने निगम अलग से व्यवस्था देगा। महापौर मीनल चौबे ने कहा है कि तेलीबांधा तालाब पार्किंग पर 10 दिन तक ट्रायल रहेगा। अभी लोगों से वहां किसी तरह का पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाएगा। यातायात समिति और पुलिस से चर्चा के बाद ही इस पर फैसला लिया जाएगा। इसकी प्लानिंग चल ▶▶ शेष पेज 13 पर



### पूर्व महापौर का निगम आयुक्त से मिलने का कार्यक्रम स्थगित

तेलीबांधा तालाब क्षेत्र में नगर निगम द्वारा दोपहिया वाहनों से 10 रुपए और चारपहिया वाहनों से 20 रुपए पार्किंग शुल्क वसूलने के निर्णय को लेकर पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने विरोध जताते हुए इस विषय पर महात्मा गांधी सदन में सोमवार को निगम आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने 4 बजे का समय तय किया, पर बाद में महापौर मीनल चौबे द्वारा फिलहान पार्किंग शुल्क नहीं लगाने के वकतव्य के बाद निगम आयुक्त से मिलने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया।

# छत्तीसगढ़ के लिए 7470 करोड़ का रिकार्ड रेलवे बजट का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देशभर में अधोसंरचना के विकास को निरंतर गति मिल रही है। इसी दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य को रेलवे क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सौगात मिली है। केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए 7470 करोड़ का रिकॉर्ड रेलवे बजट प्रावधान किया है, जिसे राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है। वनमंत्री ने इसे बस्तर अंचल के लिए "मील का पत्थर" बताते हुए कहा कि यह परियोजना क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की ऐतिहासिक पहल है।

रावघाट–जगदलपुर रेलवे परियोजना वर्षों से प्रतीक्षित थी और इसके शुभारंभ के साथ ही बस्तर क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक बदलाव की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। वनमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से क्षेत्रीय संपर्क सुदृढ़ होगा, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित परिवहन साधनों के कारण बस्तर क्षेत्र अब तक विकास की मुख्यधारा से अपेक्षाकृत दूर रहा है। यह परियोजना पूरी होने के बाद बस्तर सीधे राज्य और राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जुड़ेगा, जिससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा और समय तथा लागत की बचत होगी।

**पर्यटन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण :** पर्यटन के क्षेत्र में भी यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत अब बेहतर रेल कनेक्टिविटी के माध्यम से देश-विदेश के पर्यटकों के लिए सुलभ होगी। वनमंत्री ने कहा, यह केवल एक रेलवे लाइन का निर्माण नहीं है, बल्कि बस्तर के उज्ज्वल भविष्य की ठोस नींव है। यह परियोजना क्षेत्र में विश्वास, विकास और समावेशी प्रगति का प्रतीक बनकर उभर रही है।

### बजट एवं रावघाट-जगदलपुर परियोजना के लिए वन मंत्री कश्यप ने जताया आभार

#### औद्योगिक और निवेश की संभावनाओं को मजबूती

वनमंत्री केदार कश्यप ने बताया कि परियोजना के पूरा होने से बस्तर में औद्योगिक और निवेश संभावनाओं को भी मजबूती मिलेगी। खनिज संपदा और प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध यह क्षेत्र नए उद्योगों के लिए आकर्षक बनेगा, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। साथ ही, कृषि एवं वनोपज आधारित उत्पादों के लिए नए बाजार खुलेंगे, जिससे जनजातीय समुदाय की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।





#### बस्तर विकास की नई राह पर

वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की प्रतिबद्धता और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सतत मार्गदर्शन के कारण ही आज बस्तर विकास की नई राह पर अग्रसर है। यह निर्णय केंद्र और राज्य सरकार की समावेशी विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, बस्तर की जनता इस युगांतकारी पहल के लिए केंद्र और राज्य सरकार की कृतज्ञ है और विश्वास व्यक्त करती है कि आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

## खबर संक्षेप

### अपेक्स बैंक भर्ती परीक्षा के उत्तर जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा अपेक्स बैंक भर्ती परीक्षा के अंतिम उत्तर तथा परिणाम जारी कर दिए गए हैं। व्यापम ने राज्य सहकारी बैंक सहित 6 जिला सहकारी बैंक में रिक्त पदों के लिए परीक्षा का आयोजन 7 सितंबर को किया था। कैंडिडेट्स परीक्षा परिणाम व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। इसके अलावा छग पर्यावरण संरक्षण मंडल के अंतर्गत रिक्त रसायनज्ञ भर्ती परीक्षा के अंतिम उत्तर और परिणाम भी घोषित कर दिए गए हैं। यह परीक्षा 11 जनवरी को आयोजित की गई थी।

### सिविल जज साक्षात्कार शेड्यूल जारी

**रायपुर।** छग लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल जज जूनियर भर्ती परीक्षा के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इंटरव्यू 9 फरवरी से प्रारंभ होकर 19 फरवरी तक चलेंगे। दो पालियों में साक्षात्कार होंगे। विस्तृत शेड्यूल पीएससी ने अपने वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

### बीमा सुरक्षा बहाल करने एनएचएम संघ ने मिशन संचालक को लेखा पत्र

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियों को पूर्व में उनके वेतन आहरण खाते से संबंधित बैंक के माध्यम से दुर्घटना एवं मृत्यु पर बीमा सुरक्षा का लाभ प्रदान किया जाता था। इस व्यवस्था से कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को आकस्मिक दुर्घटना अथवा असामयिक मृत्यु की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा प्राप्त होती थी। राज्य शासन द्वारा नियमित कर्मचारियों को वेतन आहरण खाते के माध्यम से बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के 1.60 करोड़ रुपये दुर्घटना मृत्यु एवं 11 लाख रुपये सामान्य मृत्यु की बीमा सुरक्षा प्रदान की जा रही है, जबकि एनएचएम के संविदा कर्मचारी इस महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा से वर्तमान में वंचित होने की स्थिति में हैं। एनएचएम संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी ने बताया कि संबंधित बैंक के साथ समझौता ज्ञापन वर्तमान में प्रभावशील न होने के कारण यह आशंका उत्पन्न हो गई है कि भविष्य में संविदा कर्मचारियों को यह बीमा सुरक्षा उपलब्ध नहीं हो पाएगी। इससे कर्मचारियों के बीच चिंता एवं असुरक्षा की भावना व्याप्त है। संघ के प्रदेश महासचिव कौशलेश तिवारी एवं प्रवक्ता पुरन दास ने कहाँ कि कर्मचारियों की ओर से मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, अटल नगर, नया रायपुर को पत्र लिखकर मांग की है।

## खरीदी खत्म होने के बाद अब उठाव की चुनौती

# उपार्जन केंद्रों में जमा है 85 लाख मीट्रिक टन धान, सूखत का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 31 जनवरी को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पूरी होने के बाद अब खरीद केंद्रों से समय पर धान का उठाव किया जाना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। खरीदे गए धान में से करीब 85 लाख मीट्रिक टन धान जमा है। इस धान की उठाने में जितनी अधिक देरी होगी और धान में सूखत से वजह की कमी होगी। इसकी जिम्मेदारी सोसाटियों के धान खरीदी प्रभारी के सिर आएगी।

राज्य में धान खरीदी शुरु होने के साथ ही धान के उठाव की प्रक्रिया शुरू होती है। इस साल भी यही किया जा रहा था, लेकिन खरीदी समाप्त होने के करीब 15 दिन पहले से खरीद केंद्रों से धान का उठाव बंद करने का आदेश जारी किया गया था। इसके पीछे वजह ये बताई गई कि मिलर धान की री-साइकिलिंग की जा रही है। इसी वजह से रोक लगाई गई थी। जो धान खरीदी पूरी होने तक जारी रही। अब खरीदी पूरी होने के बाद फरवरी से धान उठाव करने की तैयारी है।

**खास बातें**

- री-साइकिलिंग के शक में रोका गया था उठाव
- अब परिवहन नहीं हुआ तो धान में आएगी सूखत



### सूखत का खतरा, धान का वजन होगा कम

खरीदी केंद्रों में धान जमा होने से आने वाले दिनों में धान के वजन में कमी होने का खतरा है। दरअसल जब धान खरीदा जाता है तो उसमें 17 प्रतिशत तक नमी मान्य की जाती है। यही धान जब उपार्जन केंद्रों में कैप कवर करके रखा जाता है। लेकिन मौसम का तापमान बढ़ने से नमी कम होने लगती है और सूखने से धान का वजह कम हो जाता है। वजन में यही कमी सोसाइटियों के धान खरीदी प्रभारियों के जिम्मे आती है। वजन जितना कम होता है, उसके मुताबिक धान की वसूली सोसाइटी वालों से की जाती है। पिछले सीजन में भी परिवहन में देरी से काफी मात्रा में धान में सूखत आई थी। इस धान की भरपाई के लिए सोसाइटी प्रबंधकों से वसूली के लिए नोटिस जारी किए गए। कुछ स्थानों पर प्रबंधकों ने धान जमा किया, कुछ से धान की कीमत वूसली गई। ये दोनों काम नहीं कर पाने वालों के खिलाफ पुलिस में एफआईआर भी हुई है। यह मामला अभी हाईकोर्ट में लंबित है।

### 2316 खरीदी केंद्रों में बफर स्टॉक

प्रदेश में इस साल की गई धान खरीदी केंद्रों में धान का उठाव से मिलर्स को प्रतिबंधित किए जाने के बाद प्रदेश के अधिकांश जिलों में उठाव नहीं हो पाया। अब धान खरीदी के बाद प्रदेश की 2740 खरीदी केंद्रों में से 2316 खरीदी केंद्रों में धान की लिमिट से अधिक बफर स्टॉक है। अब देखना है कि यहां से धान का उठाव कब तक पूरी होगी। अब तक करीब 52.93 लाख टन धान का उठाव हुआ है। समितियों में करीब 85 लाख टन धान खरीदी केंद्रों में रखा हुआ है।

# एससीआर गठन की प्रक्रिया पूरी अंकित आनंद हो सकते हैं सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य में नवा रायपुर, रायपुर, दुर्ग और भिलाई को मिलाकर एससीआर गठन करने की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। अब जल्द ही इसके मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति की जाएगी। राज्य सरकार आवास पर्यावरण सचिव अंकित आनंद को सीईओ के पद पर नियुक्त कर सकती है। सीईओ की नियुक्ति के बाद एससीआर संचालक मंडल की बैठक में इसका मास्टर प्लान और नई विकास गाइडलाइन तय की जाएगी। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने नवा रायपुर सहित तीन शहर को मिलाकर स्टेट कैपिटल कैपिटल रीजन बनाने की घोषणा की थी। राजधानी क्षेत्र के सुनियोजित विकास के उद्देश्य से एससीआर का गठन किया गया है। वित्त विभाग ने 210 पदों को स्वीकृति दे दी है। वहीं आवास एवं पर्यावरण विभाग ने सीईओ की पदस्थापना को लेकर मुख्य सचिव विकासशील को प्रस्ताव भेज दिया है। सीईओ की नियुक्ति के बाद एससीआर के संचालक मंडल की पहली औपचारिक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री करेंगे।

- आवास पर्यावरण विभाग ने सीईओ नियुक्त करने मुख्य सचिव को भेजा प्रस्ताव

### प्रतिनियुक्ति पर लिए जाएंगे अफसर

एससीआर के संचालन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवाएं ली जाएंगी। सभी प्रमुख विभागों को पत्र भेजकर प्रतिनियुक्ति के इच्छुक कर्मियों से आवेदन मांगे गए हैं। सेटअप के अनुसार अनुभवी अफसरों को इसमें लिया जाएगा। बताया गया है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस बोर्ड के अध्यक्ष होंगे, जबकि कैबिनेट मंत्री अरुण साव और ओपी चौधरी पदेन सदस्य रहेंगे।

### एससीआर की गाइडलाइन का पालन अनिवार्य

नए नियमों के तहत रायपुर और दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में होने वाले सभी विकास कार्यों में एससीआर की गाइडलाइन का पालन अनिवार्य होगा। नवा रायपुर, रायपुर, दुर्ग और भिलाई को मिलाकर गठित विशेष क्षेत्र में अब बिना स्टेट कैपिटल रीजन की अनुमति के न तो नई कालोनियों का निर्माण हो सकेगा और न ही उद्योग स्थापित किए जा सकेंगे।

## भाजयुमो करेगा केंद्रीय बजट का प्रचार, बनी प्रदेश टोली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केन्द्रीय बजट का प्रचार अभियान एवं युवा संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत बजट की प्रमुख विशेषताओं के प्रचार प्रसार एवं सफल कियान्वयन के लिए युवा मोर्चा की प्रदेश स्तरीय टोली का गठन किया गया है। इसमें बजट अभियान प्रत्यक्ष कार्यकम के लिए प्रदेश कार्यकम प्रभारी जितेन्द्र देवांगन, (प्रदेश महामंत्री) को बनाया गया है। इसी तरह जिलों में कार्यक्रम प्रभारी एवं सह प्रभारी बनाए गए हैं।

रायपुर का लोकेश साहू को प्रभारी एवं मोरध्वज पैकरा को सह प्रभारी बनाया है। इसी तरह कोरबा का सुश्री गौरी गुप्ता को प्रभारी, सुश्री कोमल पटेल को सह प्रभारी, भिलाई का अमन प्रताप सिंह को प्रभारी एवं ऋषि भसीन को सहप्रभारी, महासमुंद का आकाश सिंह ठाकुर को प्रभारी, जसराज बाला को सहप्रभारी, कांकेर का भीमा मड़कम को प्रभारी एवं संजय साहू को सह प्रभारी बनाया गया है। इसी के साथ ही बजट अभियान मीडिया-सोशल मीडिया एवं प्रत्यक्ष कार्यक्रम के लिए अभिषेक धनकर को संयोजक एवं सिद्धांत शर्मा, प्रणय थिटे, कुणाल ठाकुर, विशाल पाण्डेय एवं श्रीमती दीक्षा अग्रवाल को कार्यक्रम के लिए सह संयोजक बनाया गया है।

## रायपुर में खुलेगा छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में प्रदेश का पहला राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) खोले जाने का रास्ता साफ हो गया है। यह महत्वपूर्ण जानकारी लोकसभा में सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में केंद्र सरकार ने दी है।

- केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से मांगी है दस एकड़ जमीन

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री जयंत चौधरी ने बताया, रायपुर में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए छत्तीसगढ़ सरकार से 10 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। भूमि उपलब्ध होते ही इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थान की स्थापना की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत प्रधानमंत्री कौशल विकास और रोजगारपरकता परिवर्तन (पीएम-सेतु) योजना के अंतर्गत देशभर में आईटीआई और एनएसटीआई को आधुनिक, उद्योग-अनुकूल और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य



युवाओं को केवल प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि रोजगार से सीधे जोड़ना है। एनएसटीआई की स्थापना से छत्तीसगढ़ के युवाओं को अत्याधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षण मिलेगा। यहां इलेक्ट्रॉनिक्स, सौर ऊर्जा, उन्नत तकनीकी ट्रेड, प्रशिक्षकों का उच्चस्तरीय प्रशिक्षण और उद्योग आधारित कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इससे राज्य के युवाओं की रोजगार क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मकता राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ होगी। श्री अग्रवाल ने राज्य सरकार से आग्रह किया कि एनएसटीआई के लिए शीघ्र भूमि उपलब्ध कराई जाए, ताकि यह महत्वपूर्ण परियोजना जल्द धरातल पर उतर सके।

**यह घटना पुलिस और सरकार की लापरवाही का परिणाम**

# बैज की मांग : गरियाबंद की घटना की हो न्यायिक जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, गरियाबंद से बेहद ही दुर्भाग्यजनक खबर आ रही है, वहां के दुतकैया गांव में एक समुदाय के घरों को जला दिया गया। वहां पर एक अपराधी द्वारा फैलाए जा रहे आतंक के कारण यह घटना घटी। यह घटना पुलिस और सरकार की लापरवाही का परिणाम है।

राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा, पुलिस सचेत होती, तो अराजक तत्व पर कार्रवाई करती, तो शायद यह घटना नहीं होती। मैं दोनों पक्षों से शांति की अपील करता हूं तथा घटना की न्यायिक जांच की मांग करता हूं। उन्होंने कहा, इसके पहले बलौदाबाजार, कवर्धा, बलरामपुर के बाद गरियाबंद में जनता ने कानून हाथ में लिया है। इससे साफ है, लोगों का सरकार और उसकी कानून व्यवस्था पर भरोसा नहीं है।



### एपस्टीन फाइल को लेकर भाजपा चुप क्यों है

श्री बैज ने कहा, एपस्टीन फाइल के बारे में मोदी और भाजपा चुप क्यों है, इस मामले में प्रधानमंत्री और भाजपा को स्पष्टीकरण देना चाहिये कि एपस्टीन फाइल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से देश की छवि धूमिल हो रही है।

#### बजट से छत्तीसगढ़ ठगा गया

उन्होंने कहा, कल मोदी सरकार का जो बजट प्रस्तुत हुआ। उसमें एक बार फिर छत्तीसगढ़ का उल्लेख सिर्फ एक जगह है। विशेष कारीडोर में वह भी छत्तीसगढ़ की जनता के लिये नहीं छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा का दोहन उद्योगपति मित्र आसानी से कर सके। इसलिये राज्य के विकास के लिये बस्तर, सरगुजा के विकास के लिये बजट में कुछ नहीं है।

#### अभियान चलाकर धान खरीदी 15 दिनों के लिए फिर शुरू करें

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रदेश में धान खरीदी सिर्फ नारायणपुर, बलरामपुर, बस्तर में पिछले साल के लगभग बराबर हुई। शेष सभी जिलों में 5 प्रतिशत से लेकर 32 प्रतिशत तक कम खरीदी किया। सरकार की तरफ से कम खरीदी के लिये जश्न मनाया गया। सरकार ने अपने आंकड़े में माना है कि प्रदेश के अधिकांश जिलो में पिछले साल के मुकाबले कम खरीदी हुई इसके लिये खाद विभाग, राजस्व विभाग, सहकारिता विभाग नान एवं जिला तथा ब्लाक के अधिकारियो को एसएमएस के जरिये बधाई दिया गया है। बधाई दे रहे मतलब साफ है आपका इरादा कम खरीदी का था, आप उसमें कामयाब हुये। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार अभियान चलाकर धान खरीदी 15 दिनों के लिये फिर शुरू करें, ताकि बचे सभी किसानों का धान समर्थन मूल्य में खरीदा जा सके।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 01.02.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नंदलाल वर्मा पिता/पति जगदेव वर्मा निवासी टेकारी छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम परसुलीडीह पटवारी हल्का नंबर 23 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-16 सारागांव में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 155/1 रकबा 0.801 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा के आदेश क्रमांक Q दिनांक 12.01.2026 के परिपालन में दिनांक 19.02.2026 का समय 12 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 23 के बरौदा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-16 सारागांव

**ईश्तहार**

पत्र क्रं/27982/ न.पा.नि./जोन क्रं -10/2026
रायपुर, दिनांक 02/02/2026
नामांतरण प्र.क्र. 27982
वार्ड का नाम - 53, बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651KM6204 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती MANJU SAHU पिता/पति श्री / श्रीमती PRADEEP KUMAR MAHANTA के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती MANJU SAHU पिता / पति श्री/श्रीमती PRADEEP KUMAR MAHANTA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

श्री विवेकानन्द दुबे
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला रायपुर तहसील - रायपुर प.ह.न. 00047 पंडरीतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक RD202526440724100025

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00047 के अंतर्गत ग्राम पंडरीतराई के वर्तमान भूमिस्वामी मधुकर पिता/पति-पि मारोतीराम शिवकनकर पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 327/3(0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मो. अस्फाक पिता/पति शेख वाजुद्दीन पता-ताज नगर पंडरी रायपुर छग के नाम पर पंजीयन / फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/02/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/01/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार राममूर्ति दीवान
तहसील रायपुर

## पत्रकार को दी धमकी, युवक पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाने में एक पत्रकार ने एक युवक के खिलाफ उसके वायरल वीडियो के आधार पर धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत दर्ज कराने वाले पत्रकार ने पुलिस को बताया कि उसने बिल्डर बसंत अग्रवाल से प्रेस कांफ्रेंस में सवाल पूछा था।

इस बात से नाराज होकर बिल्डर के समर्थक कुशाग्र सोलंकी ने पत्रकार को धमकाने का एक रील बनाकर सोशल मीडिया में वीडियो वायरल किया है। पत्रकार की शिकायत पर पुलिस ने कुशाग्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 , 351 (2) के तहत सोमवार को अपराध दर्ज की है।

# कांग्रेस ने कनेक्ट सेंटर में नियुक्त किए 14 सदस्य

**रायपुर।** एआईसीसी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 14 सदस्यीय कनेक्ट सेंटर का गठन किया है। कनेक्ट सेंटर के अध्यक्ष के रूप में पहले दीपक मिश्रा की नियुक्ति की जा चुकी है।

साथ ही दो को-चेयरमैन के रूप में नियुक्त किया गया है। कनेक्ट सेंट में 14 सदस्य और बनाए गए हैं। यक सभी प्रदेश में संगठन की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट द्वारा अनुमोदित प्रदेशस्तरीय कनेक्ट सेन्टर में छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार संगठनात्मक कार्यो को गति प्रदान किये जाने हेतु इन कार्यकर्ताओं को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इनमें कामरान अंसारी, मनोज सोनकर, शीतल कुलदीप, माधव छुरा, अमितेष भारद्वाज, गीता सिंह, प्रेमलता बजारे, लक्ष्मी देवांगन, अंशुल मिश्रा, कविता वर्मा, दिनेश निर्मलकर, जयप्रकाश साहू, बंशी कन्नौजे, सुरेखा वर्मा को सदस्य बनाया गया है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### उद्यमिता को बढ़ावा देने हुई कार्यशाला



**रायपुर।** जिले में उद्यमिता को बढ़ावा देने, नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने तथा एमएसएमई क्षेत्र में व्यवसाय शुरू करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से कार्यशाला के अंतिम दिवस 31 जनवरी को उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी-एलईएवी) का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माना कैंप स्थित नगर पंचायत भवन में किया गया। यह कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय तथा राज्य सरकार की उद्यमिता प्रोत्साहन पहलों के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं, महिला उद्यमियों, एसएचजी सदस्यों, स्टार्टअप संस्थापकों एवं नए उद्यम स्थापित करने के इच्छुक प्रतिभागियों को व्यवसाय स्थापना, प्रबंधन एवं सरकारी सहायता से अवगत कराना है। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, प्रेरक एवं मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम में यीशु चौधरी, योगेश पवार, सूरज शर्मा, रोहित शर्मा, मास्टर ट्रेनर तोरन लाल साहू, दुर्गेश गंजीर, व डिवीजनल समन्वयक पंकज साहू, कुनाल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### निगम के प्लेसमेंट कर्मचारियों के दो माह का वेतन भुगतान नहीं, ठेका निरस्त

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम में कार्यरत 59 प्लेसमेंट कर्मचारियों का 2 माह से वेतन भुगतान नहीं करने वाली जबलपुर की एजेंसी का ठेका निगम प्रशासन ने निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही संबंधित एजेंसी की एफडीआर की राशि राजसात कर ली गई है। जीरो परसेंट में नगर निगम से प्लेसमेंट कर्मचारी का ठेका लेने वाली एजेंसी द्वारा माह दिसंबर और जनवरी का वेतन भुगतान आज तक नहीं किया है। दरअसल, नगर निगम रायपुर द्वारा प्लेसमेंट के माध्यम से 57 कम्प्यूटर आपरेटर और 2 स्टेनोग्राफर उपलब्ध कराने ऑनलाइन टेंडर किया गया। जिसमें मेसर्स अनशर्यान सर्विसेन प्राइवेट लिमिटेड अमनपुर जबलपुर ने जीरो परसेंट रेड कोड कर अनुबंध प्राप्त किया। पर अनुबंधित एजेंसी द्वारा निर्धारित समय अवधि में प्लेसमेंट कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर निगम आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम के सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से आदेश जारी कर अनुबंधित एजेंसी का ठेका निरस्त कर दिया है। इसके साथ ह सुरक्षा निधि के रूप में जमा की राशि राजसात कर ली है।

### पंजाब के दो हेरोइन तस्करों को कैद के साथ जुर्माना

**रायपुर।** पाकिस्तान के रास्ते ड्रग लाकर खपाने वाले पंजाब के दो तस्करों को कोर्ट ने छह-छह साल कैद के साथ 60-60 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पंकज सिन्हा की एनडीपीएस कोर्ट में हुई।। गोलबजार थाने की पुलिस ने दोनों तस्करों को हेरोइन चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया था। ड्रग तस्करी करने के मामले में कोर्ट ने पंजाब, मोगा निवासी मनप्रीत सिंह तथा पंजाब फिरोजपुर निवासी मनप्रीत सिंह उर्फ मन्नू को कैद की सजा सुनाई है।

### बजट : मध्यम वर्ग को टैक्स में राहत और बुनियादी ढांचे पर रिकॉर्ड निवेश से खिला जनता का चेहरा

# केंद्रीय बजट ऐतिहासिक और विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा संसद में पेश किया गया वर्ष 2026-27 का आम बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। इस बजट ने जहाँ एक ओर मध्यम वर्ग को टैक्स में बड़ी राहत देकर उनके हाथों में अधिक बचत सुनिश्चित की है, वहीं दूसरी ओर बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 12.2 लाख करोड़ का रिकॉर्ड आवंटन कर आधुनिक भारत की नींव को और मजबूत किया है। इस बजट की चौतरफा सराहना हो रही है और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इसे 'अमृत काल' का सबसे बड़ा आर्थिक सुधार करार दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पेश किया गया यह बजट तकनीकी नवाचार और आत्मनिर्भरता का संगम है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बजट में सेमीकंडक्टर मिशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर ध्यान केंद्रित किया गया है, उससे देश के युवाओं के लिए वैश्विक स्तर के रोजगार पैदा होंगे। विधायक ने आगे कहा कि मध्यम वर्ग के लिए टैक्स स्लैब में बदलाव और स्टैंडर्ड डिडक्शन में वृद्धि से न केवल आम आदमी को राहत मिलेगी, बल्कि बाजार में मांग बढ़ने से पूरी अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।



### केंद्रीय बजट देश व प्रदेश की जनता के साथ विश्वासघात : अनिता शर्मा



पूर्व विधायक श्रीमती अनिता शर्मा ने इसे पूरी तरह से दिशाहीन और जनविरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री के इस पिटारे में न तो गरीब के लिए रोटी का इंतजाम है और न ही युवाओं के लिए रोजगार की कोई ठोस उम्मीद। भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ जैसे विकासशील राज्य की घोर अनदेखी की है और पूरा बजट केवल अपनी सरकार बचाने के लिए सहयोगी दलों को खुश करने की भेंट चढ़ा दिया गया है। पूर्व विधायक श्रीमती अनिता शर्मा ने विशेष रूप से महिलाओं की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि आज देश की गृहणियां कमरतोड़ महंगाई से जूझ रही हैं। रसोई गैस, दाल और खाद्य तेलों की आसमान छूती कीमतों ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है, लेकिन इस बजट में महंगाई पर नियंत्रण पाने के लिए एक शब्द भी नहीं कहा गया।

### बजट पूरी तरह से चुनावी गणित और कुर्सी बचाने का फार्मूले



पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री दुर्गेश वर्मा ने भी केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह बजट पूरी तरह से चुनावी गणित और कुर्सी बचाने के फार्मूले पर आधारित है। श्री वर्मा ने कहा कि देश का युवा आज सड़कों पर है, लेकिन बजट में रोजगार सृजन का कोई स्पष्ट रोडमैप नहीं दिखता। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिस छत्तीसगढ़ से केंद्र सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व मिलता है, उसे ही बजट में दरकिनार कर दिया गया है। धरसींवा और सिलतरा जैसे औद्योगिक क्षेत्रों के विकास या यहाँ के मजदूरों की सुरक्षा और कल्याण के लिए कोई नई योजना नहीं लाना यह दर्शाता है कि भाजपा सरकार को आम जनता के दर्द से कोई सरोकार नहीं है।

### केंद्रीय बजट जनता की उम्मीदों पर करारा प्रहार

**कूंरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष भावेश बघेल ने केंद्रीय बजट 2026-27 को देश की आम जनता, किसानों, युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग के साथ किया गया एक बड़ा छल बताया है। वित्त मंत्री ने 85 मिनट का लंबा भाषण आम नागरिक के लिए खाली पिटारा साबित हुआ। देश महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता से कराह रहा है, और आम जनता इस बजट से राहत की उम्मीद लगाए बैठी थी। लेकिन न महंगाई पर कोई नियंत्रण की योजना दिखाई दी, न रोजगार सृजन का कोई खाका, और न किसानों, महिलाओं या युवाओं के लिए कोई ठोस घोषणा। भावेश बघेल ने कहा कि बजट पेश होते ही शेयर बाजार का गिरना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि देश का व्यापारी और कारोबारी वर्ग भी इस बजट से बेहद निराश है। उन्होंने कहा कि बजट सिर्फ आय-व्यय का दस्तावेज नहीं होता बल्कि सरकार की नीयत, नीति और भविष्य की दिशा का पॉलिसी डॉक्यूमेंट होता है। लेकिन यह बजट पूरी तरह दिशाहीन, उद्देश्यहीन और बिना रोडमैप का है। "विकसित भारत बजट" का दावा सिर्फ एक नारा है, वास्तविकता में यह बजट कुछ चुनिंदा कॉरपोरेट घरानों के हित साधने का प्रयास है।

### डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन से किसान होंगे आधुनिक : सविता



ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण के नजरिए से जिला पंचायत सदस्य सविता चन्द्राकर ने बजट को ऐतिहासिक बताया, उन्होंने कहा कि बजट का एक बड़ा हिस्सा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समर्पित है। 'लखपति दीदी' योजना के दायरे को बढ़ाना और स्वयं सहायता समूहों के लिए विशेष बाजारों की स्थापना करना ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। श्रीमती चन्द्राकर ने कृषि क्षेत्र के लिए आवंटित भारी भरकम राशि की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के जरिए अब गांव के किसान भी आधुनिक तकनीक से जुड़ेंगे।

### बजट समावेशी विकास का प्रतीक है : मो युनुश



अल्पसंख्यक युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मो. युनुश अशरफी ने बजट को समावेशी विकास का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 'सबका साथ-साथ सबका विकास' के मंत्र को इस बजट में पूरी तरह चरितार्थ किया है। विशेष रूप से कौशल विकास और एमएसएमई सेक्टर के लिए दी गई रियायतें अल्पसंख्यक समाज के युवाओं और छोटे हुनरमंदों के लिए बड़े अवसर लेकर आएंगी। श्री अशरफी ने कहा कि युवाओं के लिए नई शिक्षा नीति के तहत तकनीकी कौशल और आसान ऋण की व्यवस्था उन्हें नौकरी खोजने वाले के बजाय नौकरी देने वाला बनाएगी।

## बजट किसानों एवं मध्यम वर्ग को सशक्त बनाएगा

**कूंरा।** केंद्रीय बजट 2026 को देश के समग्र विकास की दिशा में एक दूरदर्शी और समावेशी बजट बताते हुए ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री श्री अशोक सिन्हा ने कहा कि यह बजट समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट किसानों, श्रमिकों, युवाओं, महिलाओं और ओबीसी समाज के लिए नए अवसरों के द्वार खोलने वाला है। श्री सिन्हा ने कहा कि बजट में कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए किसानों की आय बढ़ाने के लिए सिंचाई, भंडारण, फसल बीमा और कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन दिया गया है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसका सीधा लाभ ओबीसी समाज के लाखों किसानों और कृषक परिवारों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में किए गए प्रावधान युवाओं को आत्मनिर्भर बनाएंगे। तकनीकी शिक्षा, स्टार्टअप और स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली योजनाओं विशेष रूप से ओबीसी, पिछड़े वर्ग और ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते तैयार करेंगी। इसके साथ ही डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के निर्णय की उन्होंने सराहना की।

## केंद्रीय बजट से ग्रामीण भारत और होगा समृद्ध

**अभनपुर।** भाजपा किसान मोर्चा छग प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लौटन गिलहरे ने केंद्रीय बजट 2026 को किसानों और ग्रामीण भारत के लिए दूरदर्शी एवं विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी 2026 को लगातार 9वीं बार पूर्णकालिक बजट प्रस्तुत कर देश की अर्थव्यवस्था को नई गति दी है। लौटन गिलहरे ने बताया कि बजट 2026 में कृषि क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है। किसानों की आय बढ़ाने, कृषि उत्पादकता में वृद्धि करने तथा उच्च मूल्य वाली फसलों को बढ़ावा देने पर सरकार का स्पष्ट फोकस है। इसके साथ ही मत्स्य पालन, पशुपालन और अन्य संबद्ध क्षेत्रों में रोजगार सृजन को भी मजबूती दी गई है। उन्होंने कहा कि इस बजट में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1.62 लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 7 प्रतिशत अधिक है। यह दर्शाता है कि केंद्र सरकार किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## कुथरेल ने 2 रनों से सद्दू को हराकर क्रिकेट ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलयारी

ग्राम पंचायत कुथरेल के ईडन गार्डन मैदान पर आयोजित ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट 2026 का फाइनल मुकाबला कुथरेल ने जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सहसंयोजक नितिन अग्रवाल जी थे। अध्यक्षता अन्नू सुनील बघेल सरपंच ग्राम पंचायत कुथरेल ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष धरसीवा दिनेश खूंटे, ईश्वरी बिहारी लाल भारती जनपद सदस्य, सूरज टंडन जिला उपाध्याय भाजपा अनुसूचित जाति, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता दिनेश अग्रवाल जी,उपसरपंच धनेश्वर बंजारे कुथरेल, गोविंद साहू सरपंच मेहरसखा मनोहरा, बेनीराम पाल, रिखीराम साहू, रोशन पवार, देवीचरण डहरिया, नरेंद्र डहरिया, प्रेम भारती, मंटोप बंजारे, दिनेश साहू, मोहन सेन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। फाइनल मुकाबले में ग्राम सद्दू ने टॉस जीत कर पहले



बोलिंग करते हुए कुथरेल को 8 ओवर में 55 रन पर रोक दिया और फिर 56 रन की लक्ष्य लेकर बल्लेबाजी करते हुए सद्दू की टीम ने 8 ओवर में 54 रन पर ही आउट हो गए जिससे कुथरेल टीम ने 2 रनों से विजयी हुए। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को मेडल पहनाए। इसके बाद विजेता कुथरेल टीम को ट्रॉफी के साथ 20 हजार और उपविजेता सद्दू टीम को ट्रॉफी के साथ 10 हजार रुपए प्रदान किए और मैन ऑफ द सीरीज सद्दू टिम के टिकेंद्र साहू ने अपने नाम किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ईगल्स क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष हेमन्त यादव, उपाध्यक्ष तारण पाल, सचिव भरतद्वाज डहरिया, कोषाध्यक्ष जागृत साहू, राकेश पवार, दुर्गेश पावर, चम्मन बंजारे, दिनेश पवार, गोविंद निषाद एवं टीम के सभी खिलाड़ीयो के साथ ग्रामवासियों का एवं छोटे बच्चों का विशेष सहयोग रहा।

### तिल्दा नेवरा के बीएनवी स्कूल मैदान में साध्वी देवी चंद्रकला की रामकथा जारी

## प्रवचन में शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुनाया और निकाली अनूठी बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

स्व. श्री सोनचंद्र वर्मा स्मृति फाउंडेशन के तत्वावधान में स्थानीय बी.एन.वी. स्कूल मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्री राम कथा के दूसरे दिन भक्ति और श्रद्धा का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला।अयोध्या धाम की पावन धरा से पधारीं मानस कोकिला दीदी देवी श्री चंद्रकला जी ने व्यासपीठ से शिव विवाह की प्रेरणादायक कथा विस्तार से सुनातेहुए ।भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का अत्यंत मार्मिक और सजीव वर्णन किया। उन्होंने कहा कि शिव कल्याण के प्रतीक हैं और पार्वती शक्ति की। जब शक्ति का मिलन कल्याण से होता है, तभी लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है।उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे भक्ति मार्ग पर चलकर अपने जीवन को संतुलित और सुखी बना सकते हैं।

दीदी ने प्रसंग सुनाया कि दक्ष ने एक यज्ञ किया। जिसमें अन्य



देवताओं को निमन्त्रण दिया, किंतु शिव को नहीं बुलाया। सती अनिमंत्रित पिता के यहां गई और यज्ञ में पति का भाग न देखकर उसने अपना शरीर त्याग दिया। शिवजी का नेत्र खुलती ही कामदेव भस्म हो गए तब देवताओं की प्रार्थना पर देवधि देव महादेव महाराज हिमाचल की कन्या पार्वती से विवाह करने को तैयार हो गए । जब शिव की बारात हिमालय पर जाने के लिए तैयार हुई तो समस्त देवता भी बारात के साथ निकल पड़े। शिव अपने गणों के साथ नदी पर सवार होकर महाराज हिमाचल के द्वार पर पहुंचते हैं। शिवगणों को देखकर महारानी मैंना डर जाती है और पार्वती को पड़कर रोने लगती है। तभी नारद जी प्रकट होते हैं और शिव और पार्वती के पूर्व जन्म की कथा का वर्णन करते हैं इससे महारानी मैं का संताप दूर होता है और बड़ी धूमधाम से शिव और पार्वती का विवाह संपन्न होता है ।कथा के दौरान जब महादेव की विचित्र बारात का प्रसंग आया, तो बी.एन.वी. स्कूल मैदान बम बम भोले हर हर महादेव जयकारों से गूँज उठा। आकर्षक झांकियों और सुमधुर भजनों पर मंत्री जी सहित सभी श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। कथा में दीदी ने अपने समधुर भजनों पर श्रोताओ को खूब नचाया।

■ मंत्री टंक राम वर्मा ने आम श्रद्धालुओं के बीच बैठकर सुनी कथा

इस दौरान भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का जीवंत चित्रण करने के लिए भव्य झांकी सजाई गई थी। शिव परिवार की अद्भुत रूप की झांकी ने उपस्थित भक्तों का मन मोह लिया। मंच पर गणेश जी और शिव विवाह की झांकी ने माहौल को और भी दिव्य बना दिया। ये झांकियां विशेष रूप से भक्तों के लिए एक आकर्षक केंद्र बना।कथा के विश्राम पर भव्य महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। कल कथा के तीसरे दिन मंगलवार को श्री राम जन्मोत्सव' का पावन प्रसंग सुनाया जाएगा। फाउंडेशन ने समस्त तिल्दा नेवरा क्षेत्रवासियों से इस भव्य उत्सव में सम्मिलित होने की अपील की है।

## बिजली विभाग के रजत महोत्सव में योजनाओं की जानकारी दी गई

**अभनपुर।** विद्युत वितरण केंद्र खोरपा में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्युत विभाग द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपभोक्ताओं को दी गई। इस अवसर पर किसान जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया तथा इन योजनाओं से होने वाले लाभों से उपभोक्ताओं को अवगत कराया गया। साथ ही नियमित रूप से विद्युत देयक का भुगतान करने वाले योजना लाभार्थियों एवं विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालन अभियंता रूपल चंद्राकर रहे। विशेष अतिथि के रूप में एच. आर. नेताम (सेवानिवृत्त) उपस्थित रहे, जिन्होंने उपभोक्ताओं को ऊर्जा संरक्षण, समय पर विद्युत बिल भुगतान एवं योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता (जेई) श्री राणा ने कहा कि विद्युत विभाग का उद्देश्य केवल बिजली आपूर्ति करना ही नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं को योजनाओं से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। समय पर विद्युत देयक भुगतान से व्यवस्था सुदृढ़ होती है और निर्बाध बिजली आपूर्ति संभव हो पाती है।" उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे सौर ऊर्जा जैसी वैकल्पिक ऊर्जा योजनाओं को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दें।

### पंजीयन दरों पर साय सरकार के फैसले का व्यापार जगत ने किया स्वागत

## प्रदेश में निवेश और रोजगार को नई ऊंचाई देगी नई कलेक्टर गाइडलाइन : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलयारी

छत्तीसगढ़ की साय सरकार ने प्रदेश के आर्थिक विकास और जनहित को ध्यान में रखते हुए अचल संपत्तियों की पंजीयन दरों एवं नई कलेक्टर गाइडलाइन्स को लेकर एक ऐतिहासिक और दूरगामी निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी के कुशल नेतृत्व में लिए गए इस फैसले को प्रदेश के रियल एस्टेट सेक्टर और आम नागरिकों के लिए एक बड़ी संजीवनी माना जा रहा है। सरकार के इस कदम से न केवल जमीन-जायदाद की खरीद-फरोख्त की प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी, बल्कि इससे निवेशकों का भरोसा भी और अधिक मजबूत होगा, जिससे राज्य में निवेश का एक सकारात्मक वातावरण निर्मित होगा। उक्त बातें भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक नितिन अग्रवाल ने कहा है। इस महत्वपूर्ण निर्णय का



मुख्य उद्देश्य प्रदेश में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के संकल्प को धरातल पर उतारना है। नई गाइडलाइन्स के लागू होने से पंजीयन की जटिल प्रक्रियाएं अब और भी सरल हो जाएंगी, जिससे आम आदमी को अपनी संपत्ति की रजिस्ट्री कराने में अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। विशेषज्ञों का यह स्पष्ट मानना है कि जब पंजीयन प्रक्रिया सुलभ और पारदर्शी होती है, तो इसका सीधा सकारात्मक असर उद्योग, व्यापार और विशेषकर आवासीय परियोजनाओं पर पड़ता है। इससे बाजार में नकदी का प्रवाह बढ़ेगा और आर्थिक गतिविधियों को नई गति प्राप्त होगी, जो अंततः राज्य की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

### कारोबार को नई दिशा मिलेगी

इसी क्रम में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुभाष अग्रवाल, सह-संयोजक नितिन अग्रवाल एवं रमन अग्रवाल के नेतृत्व में प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों और प्रमुख व्यापारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति अपना आभार प्रकट किया है। व्यापारिक संगठनों का कहना है कि इस फैसले से बाजार में लंबे समय से छाई सुस्ती दूर होगी और रियल एस्टेट कारोबार को नई दिशा मिलेगी। यह कदम निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ को एक सशक्त और समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### रोजगार के हजारों नए अवसर पैदा होंगे

रोजगार सृजन के दृष्टिकोण से भी यह फैसला अत्यंत प्रभावशाली साबित होने वाला है। रियल एस्टेट क्षेत्र में नई परियोजनाओं के शुरू होने से निर्माण कार्य में तेजी आएगी, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश के युवाओं और श्रमिकों के लिए रोजगार के हजारों नए अवसर पैदा होंगे। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस व्यापक विजन के अनुरूप है, जिसमें विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए राज्यों की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया है। सरकार के इस फैसले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह विकास की दौड़ में समाज के हर वर्ग, विशेषकर किसानों और व्यापारियों को साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार के इस जनहितैषी फैसले के बाद पूरे प्रदेश में हर्ष व्याप्त है और व्यापारी जगत ने इसका गर्मजोशी से स्वागत किया है।

पेज 11 के शेष...

### पुलिस कमिश्नरेट को ...

पुलिस रही है। शुक्रवार तथा शनिवार को पहले चरण में पुलिस अफसरों को दो दिवसीय ट्रेनिंग दी जा चुकी है। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट के अफसरों को न्यायिक शक्तियां मिल चुकी हैं। आगामी 15 दिन के भीतर पुलिस अफसरों के लिए कोर्ट रूम बनकर तैयार हो जाएंगे। इसके बाद संबंधित अफसरों के बीच न्यायिक शक्तियों का बंटवारा कर दिया जाएगा,फिर पुलिस अफसर अपने अधिकार क्षेत्र में अपनी न्यायिक शक्तियों का उपयोग करते हुए बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

### यूपीएससी, व्यापम व ...

रविवि की परीक्षा होगी। ऐसे में परीक्षा दिलाकर अगले दिन होने वाले पर्चे के लिए अन्य जिले की यात्रा करना जटिल है। छात्रों की उक्त मांगे एनएसयूआई ने रविवि प्रबंधन के समक्ष रखी। एनएसयूआई जिला महासचिव संस्कार पांडे ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव शैलेन्द्र पटेल को ज्ञापन सौंपा। ते हुए कहा, यदि परीक्षा तिथि में परिवर्तन नहीं किया गया तो सैकड़ों छात्र किसी एक परीक्षा से वंचित हो सकते हैं, जिससे उन्हें शैक्षणिक एवं मानसिक क्षति होगी। संगठन ने विश्वविद्यालय प्रशासन से छात्रहित को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है। यदि रविवि 7 फरवरी को होने वाली परीक्षा किसी अन्य दिन आयोजित करता है तो इससे छात्रों को राहत मिलेगी और तैयारी का भी पर्याप्त समय मिलेगा।

### इंजीनियरिंग छात्रों के ...

बीएड डिग्रीधारी इंजीनियरिंग छात्रों के समक्ष भी संकट है। 8 फरवरी को ही सीटेट अर्थात केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा भी आयोजित की जा रही है। बीएड डिग्रीधारी इंजीनियरिंग छात्रों को यूपीएससी द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग सर्विस परीक्षा प्रीलिम्स अथवा व्यापम भर्ती परीक्षा अथवा सीटेट में से किसी एक का चुनाव करना होगा। परीक्षार्थियों द्वारा व्यापम से तिथि में बदलाव का आग्रह किया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई राहत अभ्यर्थियों को नहीं मिल सकी है।

### इंतजार में बीता सप्ताह ...

की राशि राज्य में 600 करोड़ से अधिक हो चुकी थी, मगर इसके भुगतान के लिए कोई ठोस पहल नहीं की जा रही थी। इस कारण छोटे अस्पतालों की दिक्कत बढ़ गई और वे योजना के हितग्राहियों के इलाज से हाथ खींचने लगे थे। पिछले दिनों इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की बैठक में इस पर गहरी चिंता जाहिर करते दस दिन में भुगतान मांगा था। सात दिन बीतने के बाद किसी तरह की पहल नहीं होने से निराशा होने लगी थे। आईएमए के जिम्मेदारों ने कहा था कि भुगतान नहीं होने पर वे दस दिन बाद योजना के माध्यम से मरीजों का इलाज बंद कर देंगे। इधर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि उन्होंने पूर्व में ही जनहित से जुड़ी योजना का भुगतान शीघ्र होने का आश्वासन दिया था। वित्त विभाग से राशि को मंजूरी मिल चुकी है और मंगलवार से अस्पतालों को भुगतान देना शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मरीजों को आयुष्मान का लाभ बिना किसी रुकावट के मिलता रहेगा।

### कचरा ढोने वाली ...

ठेका लेने वाली रामकी कंपनी के वाहन चालकों और सफाई मित्रों से संवाद किया। इस अवसर उन्होंने निर्देश दिए कि कचरा परिवहन के दौरान कूड़ा का फैलाव न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। घरों व दुकानों से कूड़ा संग्रहण के बाद ट्रांसफर स्टेशन तक ले जाते समय प्रत्येक सफाई वाहन पर निर्धारित ग्रीन नेट लगी हो। इससे पहले कचरा ढकने के लिए अलग-अलग प्रकार के तिरपालों का उपयोग किया जाता था, जिसमें एकरूपता की कमी रहती थी और कचरा गिरने की संभावना बनी रहती थी। महापौर मीनल चौबे ने सफाई कार्य में लगे वाहन चालकों और सफाई मित्रों के योगदान की सराहना करते हुए उनसे स्वच्छता अभियान में निरंतर सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की।

### प्लानिंग में जुटा निगम: तेलीबांधा ...

रही है। राजधानी के मरीन ड्राइव किनारे पार्किंग शुल्क को लेकर उठा विवाद फिलहाल टल गया है। लोक निर्माण विभाग की सड़क पर शहर की आम जनता से गाड़ी पार्क करने पार्किंग शुल्क वसूली के मामले में रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे ने स्पष्ट कहा है कि तेलीबांधा तालाब में रोजाना सेहतमंदी के लिए आने वाले नागरिकों से गाड़ी पार्क करने पर किसी प्रकार का कोई पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाएगा। सुबह 10 बजे तक यह सुविधा उन्हें मिलेगी। इसी तरह शाम के समय वॉक करने आने वालों के लिए पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था बनाई जाएगी। अभी 10 दिनों तक तेलीबांधा तालाब पार्किंग ट्रायल पर चल रहा है। इस दौरान गाड़ी पार्क करने पर किसी तरह का पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाएगा। आगामी 15 दिनों तक तालाब किनारे बैठने और घूमने आने वालों की मानिटरिंग की जाएगी।

# महाशिवरात्रि : 15 फरवरी को संध्या 5.06 बजे प्रारंभ होगी चतुर्दशी तिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इस साल फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 15 फरवरी को शाम 5:06 बजे शुरू होगी और 16 फरवरी को शाम 5:35 बजे समाप्त होगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, महाशिवरात्रि पर शिव पूजन का विधान मध्यरात्रि ही है, इसलिए उदया तिथि मान्य नहीं होगी। 15 फरवरी को ही त्रयोदशी-युक्त चतुर्दशी के साथ महाशिवरात्रि मनाई जाएगी और इसी दिन मध्यरात्रि पूजा होगी।

इस दिन सूर्य, बुध, राहु और शुक्र एक साथ मिलकर एक शक्तिशाली चतुर्ग्रही योग बना रहे हैं। इसके अलावा सुबह 7:08 बजे से शाम 7:48 बजे तक, सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। इसे ज्योतिष में सबसे शुभ योगों में से एक माना जाता है, जो बाधाओं को दूर करने और सफलता सुनिश्चित करने के लिए जाना जाता है। 15 फरवरी को सुबह 7 बजकर 45 मिनट से लेकर शाम 7 बजे तक सर्वार्थ सिद्धि योग रहने वाला है। इस योग में भगवान शिव की पूजा आराधना करने से हर मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। रुद्राभिषेक करने के इच्छुक भक्त सर्वार्थ सिद्धि योग में महाशिवरात्रि के दिन रुद्राभिषेक कर सकते हैं।

**15 फरवरी संध्या 5:06 बजे शुरू होकर 16 फरवरी संध्या 5:35 बजे समाप्त होगी चतुर्दशी तिथि**

**सूर्य, बुध, राहु और शुक्र एक साथ मिलकर बनाएंगे चतुर्ग्रही योग**

### तीन दिन पूर्व प्रारंभ होंगी विवाह रस्में

*महाशिवरात्रि पर होने वाली शिव विवाह की रस्में तीन दिन पूर्व ही प्रारंभ हो जाएंगी। राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर के शिवालयों में विवाह रस्मों सहित पूजन की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। राजधानी के महादेवघाट स्थित हाटकेश्वरनाथ के पं.सुरेश गिरी गोस्वामी के अनुसार, जिन पर्व में मध्यरात्रि पूजन का विधान होता है, उनमें उदया तिथि नहीं देखी जाती है। व्रत-पूजन सहित विवाह भी 15 फरवरी को ही होगा। ऐसे में इसके तीन दिन पूर्व मंदिर में हल्दी, संगीत, मेहंदी की रस्में परंपरानुसार प्रारंभ कर दी जाएंगी।*

### मध्यरात्रि पूजन का विधान इसलिए उदया तिथि मान्य नहीं



### श्रवण नक्षत्र और शिववास का संयोग

इस दिन उत्तराषाढ़ा और श्रवण नक्षत्र के संयोग के साथ व्यतिपात योग भी रहेगा। महाशिवरात्रि के दिन शिववास रहता ही है, इसके साथ ही इस दिन शाम 7बजकर 48 मिनट के बाद श्रवण नक्षत्र शुरू होने वाला है। इस नक्षत्र में भगवान शिव की आराधना के लिए सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा षोंडशॉपचार विधि से पूजा आराधना चार प्रहर में करनी चाहिए और संध्या के समय यानी प्रदोष काल में भगवान शिव का अभिषेक करें। महाशिवरात्रि के दिन ऐसा करते हैं तो सारे दुख, कष्ट, रोग, काल, दारीद्र आपके खत्म हो जाएगा और जीवन में सुख-समृद्धि की वृद्धि होगी।

## खबर संक्षेप



### उद्यमिता को बढ़ावा देने हुई कार्यशाला

रायपुर। जिले में उद्यमिता को बढ़ावा देने, नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने तथा एमएसएमई क्षेत्र में व्यवसाय शुरू करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से कार्यशाला के अंतिम दिवस 31 जनवरी को उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी-एलईएवी) का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माना कैंप स्थित नगर पंचायत भवन में किया गया। यह कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय तथा राज्य सरकार की उद्यमिता प्रोत्साहन पहलों के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं, महिला उद्यमियों, एसएचजी सदस्यों, स्टार्टअप संस्थापकों एवं नए उद्यम स्थापित करने के इच्छुक प्रतिभागियों को व्यवसाय स्थापना, प्रबंधन एवं सरकारी सहायता से अवगत कराना है। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, प्रेरक एवं मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम में यीशु चौधरी, योगेश पवार, सूरज शर्मा, रोहित शर्मा, मास्टर ट्रेनर तोरन लाल साहू, दुर्गेश गंजीर, व डिवीजनल समन्वयक पंकज साहू, कुनाल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### राजेंद्रधर दीवान



**रायपुर।** हीरापुर रोड, सर्वोदय नगर निवासी सेवानिवृत्त इंजीनियर राजेंद्रधर दीवान (81) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 फरवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे कुसुम दीवान के पति, साकेत दीवान, पारिजात दीवान एवं मिताली शुक्ला के पिता थे।

### खूबचंद साहू



**रायपुर।** नंदी चौक टिकरापारा निवासी खूबचंद साहू (42) का 2 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 2 फरवरी को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. रमेश साहू के पुत्र, संध्या साहू के पति, कशिश, डाली, बेबो के पिता और संदीप साहू के छोटे भाई थे।

### आशालता श्रीवास्तव



**रायपुर।** रिक्रिएशन ग्राउंड चौबे कालोनी निवासी आशालता श्रीवास्तव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 2 फरवरी को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. हरिश्चंद्र श्रीवास्तव की पत्नी और अनिल, अनुराग, अपर्णा, आकाश श्रीवास्तव की माता थीं।

### झूलन बाई घरडे



**रायपुर।** शासकीय कॉलोनी काशीराम नगर निवासी झूलन बाई घरडे का 2 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 फरवरी को दोपहर 2 बजे निवास स्थान से राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सामाजिक कार्यकर्ता वामन घरड़े, अरुणा राव घरडे की माता थीं।

### मध्य फरवरी तक पानी टैंकर के लिए टेंडर, मुख्यालय ने जोन से मंगाए प्रस्ताव

# पेयजल संकट से निपटने इस बार भी दौड़ेंगे किराये के पानी टैंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर शहर को टैंकर मुक्त शहर बनाने की योजना एक बार फिर फिस्स होने के आसार हैं। पेयजल संकट से निपटने नगर निगम का जल विभाग किराये के पानी टैंकर की व्यवस्था के लिए टेंडर करेगा।

सूत्रों के मुताबिक 15 फरवरी तक पानी टैंकर का टेंडर तय कर प्रति ट्रिप टैंकर की दर तय होगी। इससे पहले निगम मुख्यालय से नगर निगम के दस जोन को पत्र भेजकर पानी के किल्लत वाले संभावित इलाकों की सूची मांगी गई है, साथ ही वार्डों में बोरवेल खनन की डिमांड और पानी टैंकर की जरूरत का आकलन कर प्रस्ताव मंगाया गया है।

गर्मी के सीजन से पूर्व शहर में लो प्रेशर वाले इलाकों को चिहांकित करने नई पाइप लाइन वाले इलाकों में लो प्रेशर की समस्या और जर्जर पाइप लाइन को बदलने के लिए जल बोर्ड की टीम ने अलग-अलग जोन में जाकर स्थल रिपोर्ट लेनी शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक अब तक जोन 4 और जोन 5 के वार्डो की धरातल पर जाकर रिपोर्ट बनाने का काम किया गया है। जोन 7 में टीम ने दस्तक देकर पेयजल की स्थिति की पड़ताल शुरू कर दी है। 8 सदस्यीय टीम को दस जोन के 70 वार्डो में पेयजल की वर्तमान स्थिति का आंकलन कर अपनी रिपोर्ट देनी है। यह रिपोर्ट महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप को सौंपी जाएगी।

- बोरवेल खनन की डिमांड, पानी की किल्लत वाले इलाके का मांगा ब्योरा
- जोन कार्यालयों के माध्यम से लो-प्रेशर वाटर सप्लाई का होगा परीक्षण



### जोन कार्यालय के माध्यम से लो प्रेशर की समस्या

नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में लो-प्रेशर वाटर सप्लाई की समस्या को दूर करने नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रांरभ किया जा रहा है। ब्राम्हणपारा वार्ड के लो प्रेशर वाले एरिया में इसकी शुरूआत होगी। इसके साथ ही शहर के जिन इलाकों में लो-प्रेशर की समस्या आ रही है, वहां संबंधित जोन कार्यालयों के माध्यम से परीक्षण कराया जायेगा। 70 वार्डो में 45 टंकियों से पाइप लाइन केमाध्यम से जल प्रदाय की व्यवस्था है। अमृत मिशन योजना में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग क्षमता के 14 ओव्हरहेड टैंकों के निर्माण किये गये हैं। इसी योजना में शहर के 20 वार्डो के संपूर्ण क्षेत्र में तथा 25 वार्डो में आंशिक क्षेत्रों में नई पाइपलाइन बिछाकर नये कनेक्शन का कार्य कराया गया है। इसी तरह स्मार्ट सिटी के पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत 24 घंटे जल आपूर्ति योजना में मोतीबाग टंकी के कमांड एरिया एवं गंज टंकी के कमांड एरिया के 16 वार्डो में नई डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन बिछाकर नये नल कनेक्शन देकर जल आपूर्ति की जा रही है।

# 10 तारीख के बाद ईकेवायसी कराने पर दो महीने के बाद कार्ड धारकों को मिल रहा खाद्यान्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत सभी कार्ड धारकों एवं उनके सदस्यों को ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। रायपुर जिले में अभी तक 3 लाख से अधिक सदस्यों ने ई-केवायसी नहीं कराया है, वहीं जो लोग केवायसी करा रहे हैं, उनमें भी कई लोगों को दो माह का राशन नहीं मिल पा रहा है।

हालांकि खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि 10 तारीख के बाद जो भी केवायसी करा रहा है, सिर्फ उसे ही चालू महीने के साथ अगला एक और महीना राशन नहीं मिल रहा है। इसका कारण खाद्यान्न का आबंटन है, क्योंकि राशन दुकानों में किसी भी महीने के लिए खाद्यान्न का आबंटन एक माह पहले जारी होता है। अधिकारियों का यह भी कहना है कि अगर 10 तारीख के पहले केवायसी कराया जाता है तो सिर्फ चालू महीने का ही खाद्यान्न नहीं मिलेगा, लेकिन अगले महीने से धारक को खाद्यान्न मिलना शुरू हो जाएगा। धारक अगर केवायसी नहीं कराएगा तो उसे खाद्यान्न नहीं मिलेगा, इसलिए केवायसी कराना अनिवार्य है।



फाइल फोटो

### केवायसी नहीं होने से कई कार्ड की आईडी ब्लॉक

जिले में केवायसी नहीं कराने वाले सदस्यों की आईडी को ब्लॉक कर दिया गया है। इस आईडी में ऐसे कार्ड भी हैं, जिनके सदस्य 4 से अधिक हैं, लेकिन उनमे से एक-दो सदस्य ने केवायसी नहीं कराया है। इसके कारण उनके कार्ड ब्लॉक हो गया है। इस तरह जो भी कार्ड ब्लॉक हुए हैं, उन्हें दोबारा उसे चालू कराने के लिए केवायसी करा रहे हैं, लेकिन केवायसी कराने के बाद भी किसी धारक को एक माह तो किसी को दो माह के बाद राशन मिल रहा है।

### आधार फेस आरडी एप से केवायसी

जिला खाद्य अधिकारियों ने बताया कि जिन कार्ड धारक एवं सदस्यों के फिंगर स्कैनर में ले नहीं रहा हैं। ऐसे लोग मेरा केवायसी एप डाउनलोड कर आधार फेस आरडी के माध्यम से अपना फेस दिखाकर केवायसी कर सकते हैं। आधार फेस एप में भी पहले आधार नंबर डालने की प्रक्रिया करनी होगी, जिसके बाद ओटीपी नंबर डालकर अपनी सहमति दें। इसके बाद एप में कैमरा ऑप्शन चुने और अपना चेहरा स्कैन करें। चेहरा स्कैन होते ही ईकेवायसी हो जाएगा।

## नगर निगम के प्लेसमेंट कर्मियों के दो माह का वेतन भुगतान नहीं, ठेका निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम में कार्यरत 59 प्लेसमेंट कर्मचारियों का 2 माह से वेतन भुगतान नहीं करने वाली जबलपुर की एजेंसी का ठेका निगम प्रशासन ने निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही संबंधित एजेंसी की एफडीआर की राशि राजसात कर ली गई है। जीरो परसेंट में नगर निगम से प्लसेमेंट कर्मचारी का ठेका लेने वाली एजेंसी द्वारा माह दिसंबर और जनवरी का वेतन भुगतान आज तक नहीं किया है।

दरअसल, नगर निगम रायपुर द्वारा प्लेसमेंट के माध्यम से 57 कम्यूटर आपरेटर और 2 स्टेनोग्राफर उपलब्ध कराने ऑनलाइन टेंडर किया गया। जिसमें मेसर्स अनशर्यान सर्विसेन प्राइवेट लिमिटेड अमनपुर जबलपुर ने जीरो परसेंट रेड कोड कर अनुबंध प्राप्त किया। पर अनुबंधित एजेंसी द्वारा निर्धारित समय अवधि में प्लेसमेंट कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर निगम आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम के सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से आदेश जारी कर अनुबंधित एजेंसी का ठेका निरस्त कर दिया है। इसके साथ ह सुरक्षा निधि के रूप में जमा की राशि राजसात कर ली है।

- जीरो परसेंट में जबलपुर की एजेंसी ने लिया था 1 साल का ठेका
- वेतन भुगतान में अनावश्यक विलंब, कर्मचारी रहे परेशान
- निगम आयुक्त ने जारी किया आदेश

## पंजाब के दो हेरोइन तस्करों को छह साल कैद, जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पाकिस्तान के रास्ते ड्रग लाकर खपाने वाले पंजाब के दो तस्करों को कोर्ट ने छह-छह साल कैद के साथ 60-60 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पंकज सिन्हा की एनडीपीएस कोर्ट में हुई।। गोलबजार थाने की पुलिस ने दोनों तस्करों को हेरोइन चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया था। ड्रग तस्करी करने के मामले में कोर्ट ने पंजाब, मोगा निवासी मनप्रीत सिंह तथा पंजाब फिरोजपुर निवासी मनप्रीत सिंह उर्फ मन्नू को कैद की सजा सुनाई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया था। दोनों तस्कर रायपुर में हेरोइन की डिलीवरी देने के लिए आए थे। इस बात की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने तस्करों को ट्रैप करने जाल बिछाया और उनकी तलाशी ली, तो प्लास्टिक के पैकेट में हेरोइन मिला।

- तस्करों को पंकज सिन्हा की कोर्ट ने छह-छह साल कैद के साथ 60-60 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई
- तीन वर्ष पूर्व गोलबाजार थाना क्षेत्र में पकड़े गए थे तस्कर

# संशोधित गाइडलाइन जारी, पहले दिन पुरानी दर पर हुईं रजिस्ट्रियां, दूसरे दिन थोक में ऑनलाइन अपॉइंटमेंट कैंसिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बाजार भाव में जमीन की नई दरों को लेकर संशोधित गाइड लाइन जारी की गई है। इस गाइड लाइन को 30 जनवरी 2026 से प्रदेश के सभी पंजीयन कार्यालयों में लागू भी कर दिया गया है, लेकिन संशोधित गाइड लाइन के अनुसार रजिस्ट्री 2 फरवरी से शुरू हो पाई है। स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन फीस संशोधित गाइड लाइन की दरों के अनुसार ही लग रही है। इधर जिस दिन गाइड लाइन लागू हुई, उस दिन पुरानी दर पर ही रजिस्ट्रियां हुई हैं, क्योंकि इस दिन रायपुर सहित कई पंजीयन कार्यालयों में दोपहर 12 बजे के बाद संशोधित गाइड लाइन दरों की सूची पहुंच पाई थी, जिसके कारण उस दिन नई गाइड लाइन के अनुसार ही स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन फीस रजिस्ट्री कराने वालों से वसूला गया था।

हालांकि रायपुर पंजीयक का कहना है कि संशोधित नई गाइड गाइड लागू होने के एक दिन पहले जितने लोग ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले चुके हैं, उनकी रजिस्ट्री पुरानी दर पर ही होगी। संशोधित गाइड लाइन की दरों के अनुसार अगर रजिस्ट्री करानी है, तो इसके लिए फिर से ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेना होगा। यही कारण है कि 30 तारीख के पहले जिन लोगों ने ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले रखे थे, उनमें से बड़ी संख्या में लोग अपॉइंटमेंट को कैंसिल कराकर फिर से अपॉइंटमेंट करा रहे हैं।



### सप्ताहभर लगेगा साफ्टवेयर अपडेट होने में

*सूत्रों की मानें, तो संशोधित गाइड लाइन की दरों के अनुसार साफ्टवेयर को अपडेट किए जाने में लगभग सप्ताहभर का समय लग सकता है। इस दौरान पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री का प्रतिशत भी कम रहेगा, क्योंकि कई लोग साफ्टवेयर अपडेट होने का इंतजार कर रहे हैं।*

### साफ्टवेयर अपडेट नहीं, 200 से अधिक रजिस्ट्री रुकी

संशोधित गाइड लाइन लागू होने का असर रजिस्ट्री पर भी पड़ा है। रायपुर पंजीयन कार्यालय क्षेत्र अंतर्गत कई इलाकों की जमीन की कीमत घटाई गई है, जबकि 30 तारीख के पहले जितने लोगों ने रजिस्ट्री कराने के लिए अपॉइंटमेंट ले रखे हैं, वे सभी बढ़ी दरों पर हैं। विभाग का ऑनलाइन साफ्टवेयर भी इन बढ़ी दरों के अनुसार अपडेट है, जो अब तक संशोधित दरों के अनुसार अपडेट नहीं हो पाया है। यही कारण है कि शुक्रवार से लेकर सोमवार तक करीब दो सौ रजिस्ट्री भी नही हो पाई।

### जल्द ही अपडेट हो जाएगा साफ्टवेयर

संशोधित गाइड लाइन की दरों के अनुसार साफ्टवेयर को अपडेट किया जा रहा है, जो जल्द हो जाएगा। रजिस्ट्री संशोधित दरों के अनुसार ही हो रही है। रजिस्ट्री के दौरान पंजीयन फीस को लेकर लोगों को जानकारी दी जा रही है।

**- विनोज कोचे, पंजीयन**, पंजीयन विभाग रायपुर

## बिजनेस साइट

# आईएलएस हॉस्पिटल्स ने आठ माह में पांच सफल किडनी प्रत्यारोपण किए



रायपुर। आईएलएस हॉस्पिटल्स रायपुर ने चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए स्थापना के मात्र आठ महीनों के भीतर पांच सफल किडनी प्रत्यारोपण पूरे किए हैं। मई 2025 में शुरू हुए अस्पताल में किए गए सभी प्रत्यारोपण पूरी तरह सफल रहे हैं। डोनर और रेसिपिएंट दोनों स्वस्थ हैं तथा प्रत्यारोपित किडनी सामान्य रूप से कार्य कर रही है। सभी मरीज विशेषज्ञ नेफ्रोलॉजिस्ट की नियमित निगरानी में हैं। ये सभी प्रत्यारोपण लिविंग डोनर के माध्यम से किए गए, जिनमें पति-पत्नी और माता-पुत्र जैसे निकट पारिवारिक संबंध शामिल रहे। चिकित्सा गोपनीयता के तहत सभी की पहचान सुरक्षित रखी गई है। ग्रुप सीओओ डॉ. विशाल गोयल ने बताया कि आईएलएस की ट्रांसप्लांट सेवाएं आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, उन्नत तकनीक और अनुभवी विशेषज्ञों पर आधारित हैं। वहीं सीओओ डॉ. सौरभ चौरड़िया ने कहा कि कम समय में यह उपलब्धि रायपुर की जनता के विश्वास का प्रमाण है।

## तेरापंथ महिला मंडल का निशुल्क जांच शिविर कल

रायपुर। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर बुधवार 4 फरवरी को संपूर्ण भारत में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में तेरापंथ महिला मंडल द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 'पेप स्मियर जांच' (बच्चेदानी के मुंह की जांच) के लिए निशुल्क जांच शिविर लगाया जा रहा है। यह जांच सामान्यतः 25 से 60 वर्ष की महिलाओं के लिए उपयोगी होती है। उक्त जानकारी मंडल की अध्यक्षा प्रमिला बरलोटा ने दी। उन्होंने बताया कि रायपुर में मित्तल अस्पताल (लोधीपारा), मोदी अस्पताल (समता कॉलोनी), देवी लक्ष्मी अस्पताल (टैगोर नगर), मेकाहारा (डीके अस्पताल, जेल रोड) एवं अमोलक भवन (सदर बाजार) में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क जांच एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। शिविर में शामिल होने हेतु इच्छुक महिलाएं आधारकार्ड की प्रति के साथ संबंधित अस्पताल में अग्रिम पंजीयन करा सकती हैं।

## पेज 11 के शेष ...

### पुलिस कमिश्नरेट को मिल चुकी न्यायिक...

पुलिस रही है। शुक्रवार तथा शनिवार को पहले चरण में पुलिस अफसरों को दो दिवसीय ट्रेनिंग दी जा चुकी है। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट के अफसरों को न्यायिक शक्तियां मिल चुकी हैं। आगामी 15 दिन के भीतर पुलिस अफसरों के लिए कोर्ट रूम बनकर तैयार हो जाएंगे।

### यूपीएससी, व्यापम व सीबीएसई के ...

रविवि की परीक्षा होगी। ऐसे में परीक्षा दिलाकर अगले दिन होने वाले पर्चे के लिए अन्य जिले की यात्रा करना जटिल है। छात्रों की उक्त मांगे एनएसयूआई ने रविवि प्रबंधन के समक्ष रखी। एनएसयूआई जिला महासचिव संस्कार पांडे ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव शैलेन्द्र पटेल को ज्ञापन सौंपा। ते हुए कहा, यदि परीक्षा तिथि में परिवर्तन नहीं किया गया तो सैकड़ों छात्र किसी एक परीक्षा से वंचित हो सकते हैं, जिससे उन्हें शैक्षणिक एवं मानसिक क्षति होगी। संगठन ने विश्वविद्यालय प्रशासन से छात्रहित को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है। यदि रविवि 7 फरवरी को होने वाली परीक्षा किसी अन्य दिन आयोजित करता है तो इससे छात्रों को राहत मिलेगी और तैयारी का भी पर्याप्त समय मिलेगा। छात्रों की उक्त मांगे एनएसयूआई ने रविवि प्रबंधन के समक्ष रखी। एनएसयूआई जिला महासचिव संस्कार पांडे ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव शैलेन्द्र पटेल को ज्ञापन सौंपते हुए कहा, यदि परीक्षा तिथि में परिवर्तन नहीं किया गया तो सैकड़ों छात्र किसी एक परीक्षा से वंचित हो सकते हैं, जिससे उन्हें शैक्षणिक एवं मानसिक क्षति होगी। संगठन ने विश्वविद्यालय प्रशासन से छात्रहित को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है।

### इंजीनियरिंग छात्रों के समक्ष...

बीएड डिग्रीधारी इंजीनियरिंग छात्रों के समक्ष भी संकट है। 8 फरवरी को ही सीटेट अर्थात केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा भी आयोजित की जा रही है। बीएड डिग्रीधारी इंजीनियरिंग छात्रों को यूपीएससी द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग सर्विस परीक्षा प्रीलिम्स अथवा व्यापम भर्ती परीक्षा अथवा सीटेट में से किसी एक का चुनाव करना होगा। परीक्षार्थियों द्वारा व्यापम से तिथि में बदलाव का आग्रह किया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई राहत अभ्यर्थियों को नहीं मिल सकी है।

### इंतजार में बीता सप्ताह नहीं मिली 'आयुष्मान'...

की राशि राज्य में 600 करोड़ से अधिक हो चुकी थी, मगर इसके भुगतान के लिए कोई ठोस पहल नहीं की जा रही थी। इस कारण छोटे अस्पतालों की दिक्कत बढ़ गई और वे योजना के हितग्राहियों के इलाज से हाथ खींचने लगे थे। पिछले दिनों इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की बैठक में इस पर गहरी चिंता जाहिर करते दस दिन में भुगतान मांगा था। सात दिन बीतने के बाद किसी तरह की पहल नहीं होने से निराशा होने लगी थे। आईएमए के जिम्मेदारों ने कहा था कि भुगतान नहीं होने पर वे दस दिन बाद योजना के माध्यम से मरीजों का इलाज बंद कर देंगे। इधर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि उन्होंने पूर्व में ही जनहित से जुड़ी योजना का भुगतान शीघ्र होने का आश्वासन दिया था।

### कचरा ढोने वाली गाड़ियों में लगेगा...

ठेका लेने वाली रामकी कंपनी के वाहन चालकों और सफाई मित्रों से संवाद किया। इस अवसर उन्होंने निर्देश दिए कि कचरा परिवहन के दौरान कूड़ा का फैलाव न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। घरों व दुकानों से कूड़ा संग्रहण के बाद ट्रांसफर स्टेशन तक ले जाते समय प्रत्येक सफाई वाहन पर निर्धारित ग्रीन नेट लगी हो। इससे पहले कचरा ढकने के लिए अलग-अलग प्रकार के तिरपालों का उपयोग किया जाता था, जिसमें एकरूपता की कमी रहती थी और कचरा गिरने की संभावना बनी रहती थी।

### प्लानिंग में जुटा निगम: तेलीबांधा तालाब ...

रही है। राजधानी के मरीन ड्राइव किनारे पार्किंग शुल्क को लेकर उठा विवाद फिलहाल टल गया है। लोक निर्माण विभाग की सड़क पर शहर की आम जनता से गाड़ी पार्क करने पार्किंग शुल्क वसूली के मामले में रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे ने स्पष्ट कहा है कि तेलीबांधा तालाब में रोजाना सेहतमंदी के लिए आने वाले नागरिकों से गाड़ी पार्क करने पर किसी प्रकार का कोई पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### सीएचओ की क्षमता बढ़ाने उपचार प्रोटोकाल की ट्रेनिंग

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की क्षमताओं को सुदृढ़ करने क्लीनिकल, प्रोग्रामेटिक एवं कम्युनिटी-आधारित सेवाओं को मजबूत करने तथा एक्सपेंडेंट रेंज ऑफ सर्विस के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से यह संभाग स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी के निर्देश पर सीएचओ के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन पं. जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज रायपुर के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा किया गया। साथ ही राज्य एवं जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा मास्टर ट्रेनर के रूप में सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया।

### मदकू द्वीप में मसीही मेला शुरू, 8 तक चलेगा

**रायपुर।** मसीही मदकू द्वीप मेला सोमवार से प्रारंभ हो गया। यह मेला 8 फरवरी तक चलेगा। मेले में प्रसिद्ध उपदेश सरमन देंगे। मेले में गीत, संगीत, वाद-विवाद प्रतियोगिता और कवि सम्मेलन का भी आयोजन होगा। मेले का प्रतिदिन का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम मेला कमेटी ने जारी कर दिया है। रोज प्रातः प्रभातफेरी भी निकलेगी। 117 साल से लगाए जा रहे इस मेले को सफल बनाने कमेटियों का गठन कर दायित्व सौंपा गया है। रविवार को समापन के पूर्व प्रभु भोज का आत्मिक संस्कार होगा। मेले में भक्तजनों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने कमेटी जुटी है। प्रथम तीन दिवस पास्टरों की रिट्रीट होगी। मेले में जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

### निधि साजू को मिली पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** कैंसर के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में एक महत्वपूर्ण योगदान में शोधकर्ता निधि साजू को उनके पथप्रदर्शक कार्य एन-एरिलसबस्टिट्यूटेड हाइड्रोक्सैमिक एसिड्स की कैंसर रोधी गतिविधि के लिए डॉक्टरेट ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) से सम्मानित किया गया है। उनका शोध दुनियाभर में महिलाओं में मृत्यु का एक प्रमुख कारण, स्तन कैंसर के इलाज के लिए एक आशाजनक नया मार्ग प्रदान करता है। उन्होंने अपनी पीएचडी रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर के रसायन विज्ञान के प्रोफेसर और डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. रामप्रकाश राजवाड़े के मार्गदर्शन में और शूलिनी विश्वविद्यालय, सोलन (हिमाचल प्रदेश) के फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री विभाग के प्रोफेसर डॉ. दीपक कुमार के सह-मार्गदर्शन में पूरी की है। डॉ. निधि साजू साजू वी. थॉमस (बीएसएनएल सेवानिवृत्त) एवं मिनी साजू (ईपीएफ विभाग) रायपुर की पुत्री हैं। डॉ. निधि साजू वर्तमान में एफडीए रायपुर छत्तीसगढ़ में एक हाई-एंड उपकरण में एप्लिकेशन केमिस्ट के रूप में कार्यरत हैं।



# माशिम दूर करेगा छात्रों की टेंशन, बताएगा- कैसे करें तैयारी ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल 5 फरवरी से छात्रों को बताएगा कि किस तरह से वे परीक्षा संबंधित तनाव से छुटकारा पा सकते हैं। इसके अलावा विभिन्न विषयों की तैयारियों के टिप्स भी उन्हें मिलेंगे। संबंधित विषय विशेषज्ञ उन्हें इसकी जानकारी देंगे। प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी माशिम छात्रों के लिए हेल्पलाइन नंबर प्रारंभ करने जा रहा है। 5 फरवरी से इसकी शुरुआत होगी। माशिम द्वारा इस संदर्भ में आधिकारिक अधिसूचना जारी करते हुए हेल्पलाइन नंबर भी साझा किए गए हैं। विद्यार्थी, शिक्षक व अभिभावक प्रातः 10:30 से सायं 5 बजे तक हेल्पलाईन में मण्डल के टोल फ्री नम्बर 1800-2334363 पर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते है। 5 फरवरी से 18 फरवरी को सुबह 10 बजे से सायं 5 तक अलग-अलग विषयों जैसे-अंग्रेजी, गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, विज्ञान, जीव विज्ञान, लेखाशास्त्र के विषय विशेषज्ञों द्वारा संबंधित विषयों के कठिनाई को दूर करेंगे। प्रतिदिवस मनोचिकित्सक/मनोवैज्ञानिक / शैक्षिक अभिप्रेरक / मण्डल के अधिकारी रविवार के दिनों में भी कार्यालयीन समय में उपस्थित रहेंगे।

## 5 फरवरी से प्रारंभ होगी माध्यमिक शिक्षा मंडल की हेल्पलाइन

**दूसरा चरण 19 से :** वहीं, मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक व काउंसलर परीक्षार्थियों के परीक्षा-भय, परीक्षा तनाव संबंधी समस्याओं का निराकरण कर परामर्श देंगे। द्वितीय चरण के हेल्पलाइन का संचालन 19 फरवरी से 17 मार्च तक होगा। इसमें आगामी दिवस को होने वाली विषय की परीक्षा संबंधित समस्याओं का निराकरण विषय विशेषज्ञ तथा मंडल अधिकारी करेंगे। हेल्पलाइन का संचालन उपसचिव डॉ.बी.रघु के मार्गदर्शन में डॉ.प्रदीप साहू, प्रीति शुक्ला, मनीषी सिंह, शिवा सोमवंशी व अलका जैन की टीम करेगी। इसके पूर्व माशिम द्वारा तनाव प्रबंधन के लिए प्रत्येक शुक्रवार मानसिक हेल्पलाइन प्रारंभ की गई थी। अवसाद सहित अन्य मानसिक समस्याओं का निराकरण टीम केवल शुक्रवार को करती थी। इसके उलट परीक्षा संबंधित हेल्पलाइन नंबर सभी कार्यालयीन दिनों के लिए प्रारंभ की गई है।



### लगभग 450 प्रकरण लंबित, इनमें सबसे ज्यादा राजस्व विभाग के

# जनचौपाल में आवेदन करने के बाद भी राजस्व शिकायतों का नहीं हो पा रहा निराकरण, करीब 300 प्रकरण लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनचौपाल में आए राजस्व संबंधी आंकड़ों से इसका खुलासा हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले सालभर में 400 से अधिक राजस्व से संबंधित शिकायतें आवेदन के माध्यम से की गई हैं, जिनमें से अभी भी करीब 300 आवेदन लंबित हैं। इन आवेदनों में भी ऐसे कई हैं, जिनके आवेदक एक से अधिक बार आवेदन दे चुके हैं। इसके बाद भी उनकी शिकायतों का निराकरण नहीं हो पाया है।

जिला कलेक्टर की जनचौपाल में राजस्व-आपदा, पुलिस, नगरीय प्रशासन, लोक स्वास्थ्य, लोक निर्माण, वन एवं जलवायु, श्रम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि सहित अन्य सभी विभागों से संबंधित लोग शिकायत और समस्या लेकर बड़ी उम्मीद से पहुंचते हैं। इनमें ज्यादातर लोग ऐसे होते हैं, जिनके द्वारा पहले संबंधित विभाग में आवेदन करने के बाद भी उनकी समस्या और शिकायत का निराकरण नहीं किया जाता। ये लोग कलेक्टर से बड़ी उम्मीद लेकर यहां आवेदन भी करते हैं, लेकिन कई लोगों को इस दरबार से भी मायूष लौटना पड़ रहा है, क्योंकि उनके दिए आवेदनों को विभागों में ही डंप कर दिया जा रहा है।

कलेक्टोरेट परिसर में लगने वाली जनचौपाल को ऐसे लोगों की समस्याओं और शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के लिए खोला गया है, जिनका निराकरण संबंधित विभागों के कार्यालयों में आवेदन करने के बाद भी नहीं हो पाते। कलेक्टर ने जनचौपाल में आने वाले ऐसे सभी आवेदनों को तत्काल सुनवाई कर निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया हुआ है। इसके तहत अनेकों मामलों में आए आवेदनों का निराकरण भी किया जा रहा है, लेकिन राजस्व से संबंधी ज्यादातर प्रकरणों में आवेदनों का निराकरण नहीं हो पा रहा है।

### मार्क कर आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजा जा रहा

जनचौपाल में जो भी आवेदन किए जा रहे हैं, उन आवेदनों को जनचौपाल में उपस्थित अधिकारी मार्क कर उसी विभाग को प्रेषित कर देते हैं, जिससे संबंधित शिकायत या समस्या होती है। मार्क किए जाने के बाद भी विभागों में इन आवेदनों का निराकरण नहीं किया जा रहा है। यही कारण है कि अभी भी करीब 450 आवेदन विभिन्न विभागों में लंबित पड़े हुए हैं।



### आवेदकों को सुनने हर दिन अलग-अलग अधिकारियों की लगाई गई है ड्यूटी

जनचौपाल में आवेदनों की समस्या और शिकायत को सुनने के लिए हर दिन अलग-अलग विभागों के दो से तीन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये अधिकारी अपनी ड्यूटी के दिन अपने विभाग का सारा काम छोड़कर यहां आम लोगों की समस्या और शिकायत को सुनने का कार्य करते हैं। इस दौरान अधिकारी आवेदकों को जल्द से जल्द उनकी समस्या का निराकरण करने का आश्वासन भी देते हैं, लेकिन कई हफ्ते-महीनों के बाद भी आवेदकों की समस्या का निराकरण नहीं हो पाता, जिसके कारण कई आवेदक बार-बार जनचौपाल के चक्कर लगाते हैं, वहीं कई लोग दोबारा आवेदन भी करते हैं।

### इस तरह के मामले लंबित

राजस्व-आपदा प्रबंधन विभाग 300, गृह-पुलिस विभाग 60, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग 61, खनिज विभाग 7, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी 9, आवास एवं पर्यावरण विभाग 5, ऊर्जा विभाग 6, लोक निर्माण विभाग 16, समाज कल्याण विभाग 7, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग 12, स्कूल शिक्षा विभाग 4, जल संसाधन विभाग, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, श्रम विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, ग्राम नगर निवेश, वित्त विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित भी समस्या और शिकायत संबंधित कई आवेदन लंबित पड़े हुए हैं।

### आवेदक असंतुष्टी भी जाहिर कर रहे

जनचौपाल के बगल में ही शिकायत निवारण कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां ऑपरेटरों को बैठाया गया है। ये ऑपरेटर आवेदकों द्वारा आवेदन करने के कुछ दिनों बाद उनके मोबाइल पर संपर्क भी किया जाता है और बताया जाता है कि आपने जो जनचौपाल में आवेदन दिया था, उसे मार्क कर संबंधित विभाग को निराकरण करने के लिए भेज दिया है। इससे आप संतुष्ट हैं। इसके जवाब में कई लोग असंतुष्टी भी जाहिर कर रहे हैं। जनचौपाल में अभी तक असंतुष्ट आवेदकों की संख्या 54 है, वहीं संतुष्टी जाहिर करने वालों की संख्या 1466 है।

# मौदहापारा की जर्जर सड़क डामरीकरण की मांग को लेकर गांधी सदन में धरना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 2 क्षेत्र स्थित शहीद हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड के मौदहापारा मुख्य मार्ग में डामरीकरण की मांग कोलेकर वार्ड पार्षद शेख मुशीर ने महात्मा गांधी सदन पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे धरना दिया। मौदहापारा के मुख्य मार्ग में हांडी वाले बाबा के दरगाह शरीफ के सामने भाजपा कार्यालय और जेलरोड की सड़क के खस्ताहाल होने के बाद भी सड़क निर्माण के लिए 11 लाख की स्वीकृति नहीं मिलने वे नाराज हैं। उनका ये कहना है कि पिछले 11 माह से वे अपने वार्ड की सड़क के लिए निगम के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार आश्वासन मिलता है। मौदहापारा मुख्य मार्ग के लिए 11 लाख की स्वीकृति नहीं मिलने से वहां की सड़क खस्ताहाल है। मार्ग में जगह-जगह गड्ढे होने से लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है। वार्ड वासियों मांग पर पार्षद शेख मुशीर ने जोन 2 कमिश्नरी में सड़क डामरीकरण का प्रस्ताव मार्च 2025 में दिया था, जिसकी मंजूरी आज तक नहीं मिल पाई है। इससे क्षुब्ध होकर वार्ड पार्षद ने सोमवार को महात्मा गांधी सदन में गांधी जी की प्रतिमा के नीचे सुबह 11 बजे से धरना दिया। उनके इस धरने का समर्थन देने पूर्व पार्षद अजीत कुकरेजा भी स्थल पर पहुंचे।

■ हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड पार्षद शेख मुशीर ने गांधी प्रतिमा के नीचे दिया

### निगम के इंजीनियर पहुंचे स्पॉट पर, स्थल का लिया जायजा

निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर निगम के लोक कर्म विभाग के अधिकारी व इंजीनियर गांधी सदन में धरना दे रहे पार्षद के पास पहुंचे और उनके साथ स्पॉट पर जाकर स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान 15 दिन के अंदर सड़क डामरीकरण्या के आश्वासन मिलने पर उन्होंने 17 फरवरी तक धरना स्थगित कर दिया।

# इग्नू ने खोला पोर्टल, ओडीएल रजिस्ट्रेशन अब 15 फरवरी तक

### पूर्व में जनवरी अंत तक ही खोला गया था पोर्टल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जनवरी 2026 शैक्षणिक सत्र के लिए री-रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। अब ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) और ऑनलाइन कोर्स में पढ़ रहे छात्र 15 फरवरी 2026 तक दोबारा पंजीकरण करा सकते हैं। पहले इसकी अंतिम तारीख 31 जनवरी 2026 थी। विश्वविद्यालय ने यह समय बढ़ाने का फैसला छात्रों को फॉर्म भरने और फीस जमा करने के लिए अतिरिक्त समय देने के उद्देश्य से लिया है। जनवरी 2026 सत्र के लिए री-रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख अब 15 फरवरी 2026 है। यह सुविधा केवल उन्हीं छात्रों के लिए है जो पहले से ओडीएल या ऑनलाइन प्रोग्राम में नामांकित हैं। री-रजिस्ट्रेशन के दौरान छात्रों को 300 रुपए फीस ऑनलाइन माध्यम से जमा करनी होगी। भुगतान केवल आधिकारिक पोर्टल के जरिए ही किया जाएगा।

### इन छात्रों के लिए अनिवार्य

री-रजिस्ट्रेशन उन छात्रों के लिए अनिवार्य है जो अपने कोर्स के अगले सेमेस्टर या अगले शैक्षणिक वर्ष में पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं। जो छात्र री-रजिस्ट्रेशन नहीं कराते हैं, उन्हें आगे की पढ़ाई की अनुमति नहीं मिलेगी। छात्रों को सलाह दी गई है कि वे अंतिम तारीख का इंतजार किए बिना आधिकारिक पोर्टल पर आवेदन करें, ताकि किसी तकनीकी समस्या से बचा जा सके। री-रजिस्ट्रेशन केवल मौजूदा छात्रों के लिए है, जो अगले सेमेस्टर या वर्ष में प्रवेश लेना चाहते हैं। नए प्रवेश लेने वाले छात्रों को इस पोर्टल पर आवेदन करने की जरूरत नहीं है। स्कैन की हुई फोटो, हस्ताक्षर, श्रेणी या अनुभव से जुड़े प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज आवेदन के दौरान तैयार रखने कहा गया है। इसके अलवा छात्रों को फॉर्म जमा करने से पहले अपने कोर्स से जुड़ी सभी जानकारी ध्यान से जांचने की सलाह दी गई है।



# बिजली बिल समय पर जमा करने वाले उपभोक्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी ने समय पर बिजली बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं को सम्मानित किया। इसी के साथ पीएम सूर्यघर योजना के तहत अपनी छतों पर सोलर प्लांट लगाने वाले उपभोक्ताओं के साथ एकल बत्ती कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं का भी सम्मान किया गया। नगर संभाग दक्षिण कार्यालय पुरैना में समय पर विद्युत देयक भुगतान करने वाले उन उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विगत दो वर्षों से निरंतर बिना किसी अधिभार के समय पर विद्युत देयक का भुगतान कर एक आदर्श उपभोक्ता होने का उदाहरण प्रस्तुत किया है। समारोह के मुख्य अतिथि संजीव सिंह, मुख्य अभियंता (रायपुर शहर क्षेत्र) रहे। कार्यक्रम में महावीर विश्वकर्मा, अधीक्षण अभियंता, आशीष अग्निहोत्री, विनय चंद्राकर, अविनाश न्यूडिंग, के. सुरेश कुमार, शिवकुमार गुप्ता, जीके बंजारे सहित कंपनी के अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में सम्मानित उपभोक्ता उपस्थित रहे। सम्मानित उपभोक्ताओं में एकल बत्ती श्रेणी से गेंदी बाई यादव, लता नारंग, प्रमोद साहू, बृजेश्वर साहू, उषा बाई साहू, घरेलू श्रेणी में सेबलका राजपूत, कुलदीप जायसवाल, सुरेश कुमार चंदनानी, भारती जैन, राजू साहू, उषा शर्मा, भारती चंद्राकर, जानकी बाई साहू, अनिता साहू तथा सोलर श्रेणी से भोला राम साहू, कृष्ण कुमार सिन्हा, टिकेंद्र चंद्राकर, हर्षवर्धन सिंह बिष्ट, शत्रुघ्न पटेल, लता श्याम, साजन मल्होत्रा सहित अन्य उपभोक्ता शामिल रहे।

# जंगल सफारी में 7 वर्ष पूर्व मोहरेंगा से रेस्क्यू तेंदुआ के दांत गायब मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जंगल सफारी में कैद मोहरेंगा से रेस्क्यू किए गए तेंदुआ का केनाइन दांत के गायब होने की बात सामने आई है। इस संबंध में सूचना के अधिकार के तहत सफारी प्रबंधन से जानकारी मांगी गई। इस पर पहले सफारी प्रबंधन ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम का हवाला देकर केनाइन दांत की जानकारी देने से इनकार किया। अपील में जाने का बाद जंगल सफारी प्रबंधन ने मोहरेंगा से रेस्क्यू दांत की जानकारी होने की बात से ही इनकार कर दिया। जू में रहने वाले वन्यजीवों के सभी तरह के स्वास्थ्य से लेकर उनके अंगों की जानकारी रिकार्ड में रखा जाती है। वन्यजीव की मृत्यु होने के बाद भी उसकी केस हिस्ट्री जू प्रबंधन को दर्ज करने का नियम है। ऐसे में मोहरेंगा से रेस्क्यू तेंदुआ के केनाइन दांत की सफारी प्रबंधन के पास जानकारी नहीं होना एक बड़ी लापरवाही है। वन्यजीव प्रेमी इस बात को लेकर सफारी प्रबंधन पर सवाल खड़े कर रहे हैं। साथ ही जंगल सफारी के पूरी रिकार्ड की जांच करने की मांग कर रहे हैं।

### पुनः आवेदन लगाने पर सफारी प्रबंधन केनाइन दांत की दे रहा जानकारी



### रिकार्ड देखकर ही बता पाऊंगा

तेंदुआ के केनाइन दांत के बारे में जंगल सफारी की रिकार्ड देख कर ही बता पाऊंगा अभी मैं, बाहर हूं।

- थेजस शेखर, डायरेक्टर जंगल सफारी


### रिकार्ड की जांच होनी चाहिए

मोहरेंगा ही नहीं अन्य जगहों से रेस्क्यू कर लाए गए सफारी में रह रहे सभी वन्यजीवों की रिकार्ड की जांच होनी चाहिए। जांच में और कई वन्यजीवों के दांत सहित अन्य पाट्र्स गायब होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। जू में किसी हिरण के सिंग टूटकर गिरने पर भी उसका रिकार्ड रखा जाता है। तेंदुआ के केनाइन दांत की जानकारी सफारी प्रबंधन के पास नहीं होना आश्चर्य की बात है।

- नितिन सिंघवी, वन्यजीव प्रेमी

### स्वास्थ्य रजिस्टर मेंटेन करने का है नियम

सीजेडए के नियम के मुताबिक जू में रह रहे सभी वन्यजीवों की दैनिक स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ उनकी स्वास्थ्य हिस्ट्री का रिकार्ड रखा जाता है। इसके अलावा जिन वन्यजीवों के दांत या कोई अन्य अंग टूटे हो इसकी जानकारी रजिस्टर में दर्ज करना होता है। ऐसे में सफारी प्रबंधन के पास तेंदुआ के केनाइन दांत की जानकारी नहीं होना कई संदेहों को जन्म देती है। जंगल में शिकारी तेंदुआ, बाघ का शिकार उसके नाखून, दांत तथा खाल के लिए ही करते हैं।




### विभिन्न जिलों में खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम का जांच अभियान

# खाद्य सामग्री की जांच शुरू, फैक्ट्रियों से उठाए गए पोहा के सैंपल, एनालॉग और दही जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बाजार में बिकने वाले खाद्य पदार्थो की स्वच्छता, सुरक्षा को परखने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जांच अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। इसके तहत विभिन्न फैक्ट्रियों से पोहा के सैंपल लिए गए हैं। इसके अलावा अन्य जिलों में भी एनालॉग और दही बरामद कर उसे जांच के दायरे में लाया गया है।

एफडीए की टीम विभिन्न जिलों में जांच अभियान चला रही है। इसके तहत पिछले माह भाटापारा के मातारानी इंडस्ट्रीज, महासती उद्योग एवं एनएस इंडस्ट्रीजकी जांच की। मातारानी इंडस्ट्रीज में खाद्य लेबल पर विनिर्माता के स्थान पर अन्य फर्म का नाम एवं पता अंकित पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। महासती उद्योग से पोहा का विधिक नमूना लिया गया। एनएस इंडस्ट्रीज में नवीनीकरण के समय फोरेंकोस में अपलोड किए गए स्व-निरीक्षण प्रतिवेदन में असत्य जानकारी पाए जाने पर निरीक्षण कर पोहा एवं नायलॉन पोहा के विधिक नमूने लेकर नोटिस जारी किया गया। महासमुंद जिले में कुल 5 विधिक नमूने संकलित किए गए और 1 प्रकरण एडीएम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इसी तरह रायगढ़ में संदिग्ध पिकअप वाहन द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विक्रय के लिए परिवहन की जा रही लगभग 2 लाख रुपये मूल्य की दुग्ध उत्पाद सामग्री (एनालॉग एवं दही) जब्त की गई।



### गुटखा पर 15.50 लाख का जुर्माना

जांच अभियान के दौरान महासमुंद की टीम प्रतिबंधित गुटखा के 92 हजार से ज्यादा पाउच बरामद किया था। इसके साथ वहां की टीम ने एक्सपायरी सेव और बेसन का मामला भी सक्षम न्यायालय में पेश किया था। सुनवाई के दौरान इस मामले में 15.50 लाख रुपए जुर्माना किया गया है। साथ बिना अनुमति खाद्य पदार्थ बनाने के दो मामलों में 20 हजार रुपए का फाइन किया है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937





देशी-विदेशी फूलों से सजेगा महादेव ....

## एजुकेशन अलर्ट

# आर्मी अग्निवीर भर्ती के लिए आज से शुरू होंगे आवेदन





**रायपुर।** भारतीय सेना में शामिल होने का सपना देख रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। इंडियन आर्मी की ओर से अग्निवीर और जूनियर कमीशन अधिकारियों/ अन्य रैंकों की भर्ती के लिए ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन की डेट का ऐलान कर दिया है। ऑफिशियल पर दी गई डिटेल के मुताबिक आर्मी सीईई एग्जाम 2026 के लिए आवेदन आज यानी 3 फरवरी से स्टार्ट कर दिए जाएंगे। भर्ती में शामिल होने के लिए उम्मीदवार आर्मी की ऑफिशियल वेबसाइट joinindianarmy.nic.in पर जाकर फॉर्म भर सकेंगे।

### 8वीं से लेकर 12वीं पास युवा कर सकेंगे आवेदन

इस भर्ती में शामिल होने अलग-अलग पदों के लिए अलग-अलग योग्यता तय की गई है। अग्निवीर भर्ती में जनरल ड्यूटी पदों पर आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी का 45 प्रतिशत मार्क्स के साथ मैट्रिक/ 10th पास होना अनिवार्य है। ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाले युवाओं को ड्राइवर पदों के लिए प्रिफरेंस दी जाएगी। अग्निवीर टेक्निकल पदों पर आवेदन के लिए उम्मीदवार का 50 फीसदी अंकों के साथ में 12वीं पास होना जरूरी है। प्रत्येक विषय में न्यूनतम 40 फीसदी अंक होने चाहिए। क्लर्क/ स्टोरकीपर टेक्निकल पदों पर आवेदन के लिए 60% अंकों के साथ इंटरमीडिएट/ 12th उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अंग्रेजी, गणित, बुक कीपिंग, अकाउंट्स में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने जरूरी हैं। अग्निवीर ट्रेड्समैन पदों पर आवेदन के लिए छात्र का न्यूनतम सभी विषयों में 33 फीसदी अंकों के साथ 8th/10th उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### एग्जाम के बाद फिजिकल टेस्ट

*इंडियन आर्मी कॉमन एंट्रेस टेस्ट 2026 में आवेदन करने के लिए सभी श्रेणी के उम्मीदवारों को 250 रुपए फीस जमा करनी होगी। आवेदन शुल्क ऑनलाइन माध्यम से डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा किया जा सकेगा। आर्मी सीईई एग्जाम में भाग लेने वाले अभ्यर्थी इस सत्र में निकलने वाली अग्निवीर भर्ती के लिए क्वालीफाई हो जाएंगे। एग्जाम के बाद नई भर्तियों के लिए उम्मीदवारों का फिजिकल टेस्ट किया जाएगा।*

## सिटी इवेंट

# वॉलीबॉल चैंपियनशिप में आज से होगी देश के दिग्गज खिलाड़ियों की भिड़ंत



**रायपुर।** 37वीं फेडरेशन कप वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आगाज स्व. बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आज से होने जा रहा है। 8 फरवरी तक चलने वाली चैंपियनशिप में देश के दिग्गज खिलाड़ी अपना प्रदर्शन दिखाएंगे, जो भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। लंबे समय के बाद रायपुर को इस आयोजन की मेजबानी मिली है, जिसकी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सोमवार को सभी खिलाड़ियों ने वॉर्मअप किया। फेडरेशन कप में पुरुष वर्ग में इंडियन रेलवे, केरल, पंजाब, सर्विसेज, झारखण्ड, तमिलनाडु, राजस्थान, हरियाणा, इंडियन यूनिवर्सिटी और होस्ट स्टेट छत्तीसगढ़ तथा महिला वर्ग में केरल, इंडियन रेलवे, राजस्थान, हरियाणा, इंडियन यूनिवर्सिटी व होस्ट स्टेट छत्तीसगढ़ भाग लेंगे। चैंपियनशिप के प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश गागड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाण्डेय, मो. अकरम खान व सचिव हेमप्रकाश नायक के साथ ही अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सुबह 7.30 से रात 11 बजे तक होंगे मैच

वॉलीबॉल चैंपियनशिप का मैच आज सुबह 7.30 से शुरू होगा। पहला मैच केरल और छत्तीसगढ़ के बीच खेला जाएगा। एक मैच लगभग 2 घंटे तक चलेगा। रात 11 बजे तक लगातार मुकाबले चलेंगे। यहां एंट्री फ्री है। बता दें कि सभी खिलाड़ी उद्घाटन सत्र में मार्च पास्ट करेंगे। आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है, इसलिए पूरी व्यवस्था भी नियमों के अनुसार की गई है।



### ये है छत्तीसगढ़ की टीम

**पुरुष वर्गः-** महेंद्र धुर्वे राजनांदगांव, विकास यादव, विश्वा, रवि दीक्षित, विनायगा मूर्ति, देवेश यादव, शुभम यादव (द. पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर), टी. जगदीश राव, कौशल यादव, अनुराग शर्मा (रायपुर), हिमशिखर धुर्वे (गरियाबंद), तुषार पलित, सागर मूर्ति (भिलाई), हर्ष दुबे (साई रायपुर), हेड कोच नितिन पाण्डेय, (स्वास्थ्य विभाग रायपुर), सहायक कोच दीपेश कुमार सिन्हा (छग पुलिस), सहायक कोच डीसीएच सुरी बाबू (द. पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर), मैनेजर आनंद चौरसिया (द. पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर)

**महिला वर्गः-** साइबा अंजुम (कप्तान), साइना अंजुम, विद्या नायर भिलाई, ममता वर्मा, आस्था यादव, तनिष्का, भंडारी, सुनिधि पाण्डेय, पीहु यादव, मधुमिता बेरा (रायपुर), कोमल मौर्या, लक्की कुमारी, भावना वर्मा, श्रेया ठाकुर (साई रायपुर), चंद्रवती राजवाड़े हेड कोच, संध्या धुर्वे सहायक कोच (छग पुलिस), सहायक कोच राजेश सोमवंशी, कल्याणी मानिकपुरी (छग पुलिस)

## जेन-जी में एक-दूसरे के प्रति अपनी भावनाओं को अधिक गहराई से व्यक्त करने का एक अनूठा तरीका

# एंगेजमेंट सेरेमनी में नया ट्रेंड, कपल्स अटैचमेंट के लिए रिंग पर लिखा रहे नाम, मैसेज और तारीख

**शादी से पहले सगाई की रस्म की परंपरा खास होती है। ऐसे में कपल्स एंगेजमेंट सेरेमनी को यादगार बनाने कुछ यूनिक करते हैं। ऐसा ही नया ट्रेंड रिंग सेरेमनी में देखने को मिल रहा है। एंगेजमेंट रिंग में अब पारंपरिक हीरों की जगह पर्सनलाइज्ड ट्रेंड ले रहे हैं, जहां कपल अटैचमेंट और प्यार को दर्शाने के लिए अंगूठी के अंदर नाम, प्यार भरे शब्दों या सगाई की तारीख लिखवा रहे हैं। सदर बाजार स्थित एक ज्वेलरी शो रूम के संचालक सुरेश भंसाली ने बताया कि कपल्स के बीच नाम वाली रिंग और रोज गोल्ड का क्रेज काफी बढ़ गया है, जो रिश्ते को गहरा और यादगार बनाते हैं।**



**रायपुर।** कपल्स अब सगाई की अंगूठी के अंदर एक-दूसरे के नाम, शुरुआती अक्षर या सगाई की तारीखें लिखवा रहे हैं। यह एक-दूसरे के प्रति प्रतिबद्धता और जुड़ाव को दर्शाता है। जेन-जी के बीच नाम वाली अंगूठियां काफी लोकप्रिय हैं। ये अंगूठियां न केवल स्टाइलिश लगती हैं, बल्कि पहनने वाले के व्यक्तित्व को भी दर्शाती हैं। अलग-अलग डिजाइन के बैंड्स को मिक्स-एंड-मैच करके पहनने का भी चलन है, जो एक अनोखा लुक देते हैं। यह नया चलन न केवल फैशन के बारे में है, बल्कि यह कपल्स को एक-दूसरे के प्रति अपनी भावनाओं को अधिक गहराई से व्यक्त करने का एक अनूठा तरीका भी प्रदान करता है।

### कपल्स की च्वॉइस ये डिजाइन और मेटल्स के रिंग

आजकल कम हीरों वाले, पतले बैंड और सूक्ष्म डिजाइन का चलन है, जो रोजमर्रा के पहनने के लिए उपयुक्त होते हैं। सफेद सोने और प्लेटिनम के साथ-साथ, गर्म और रोमांटिक लुक के लिए रोज गोल्ड और पारंपरिक येलो गोल्ड की मांग बढ़ गई है। आधुनिक युग के कपल लेब-ग्रोन हीरों को प्राथमिकता दे रहे हैं, क्योंकि वे बजट में किफायती होने के साथ-साथ गुणवत्ता और चमक में नेचुरल हीरों जैसे ही होते हैं।









### सगाई में फ्लॉवर ज्वेलरी की डिमांड

शहर के रियल नेचुरल फ्लॉवर ज्वेलरी आर्टिस्ट यशवंत बताते हैं कि आजकल महंगे आभूषणों की जगह कपल्स अपनी एगंजेमेंट सेरेमनी के लिए ताजे फूलों जैसे गेंदा, गुलाब, चमेली, पत्तियों से तैयार फ्लॉवर ज्वेलरी में एसेसरीज की तरह झुमके, सगाई की अंगूठी, हार, मांग टीका में जड़े जाते हैं। ये ज्वेलरी सगाई, हल्दी या मेहंदी जैसे फंक्शन के लिए काफी ट्रेंड में है। इस रियल नेचुरल इंस्पाइरिंग बॉटनिकल ज्वेलरी की कपल्स में आजकल खूब डिमांड हो रही है।

### सराफा बाजार में सोने-चांदी के भाव

सदर बाजार सराफा कारोबारियों के मुताबिक, सोमवार को सराफा बाजार में सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम 1 लाख 57 हजार रुपए रही। वहीं चांदी 2 लाख 65 हजार रुपए प्रति किलोग्राम रही। आने वाले दिनों में सोने-चांदी में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

### आर्टिफिशियल ज्वेलरी की भी बढ़ी डिमांड

गोलबाजार स्थित आर्टिफिशियल ज्वेलरी शॉप के संचालिका श्रद्धा दुबे ने बताया कि इसमें बजट में डेली ओर दिन विशेष जैसे रिंग सेरेमनी, शादी पार्टी, फेस्टिवल, फंक्शन के लिए लोग कैरी कर रहे हैं। इनमें रिंग, नेकलेस, झुमका, ब्रेसलेट जैसी कई डिजाइन की ट्रेंडी और पारंपरिक ज्वेलरी का क्लेक्शन डिमांड में है। यह सस्ती धातु से बने हर किसी के बजट और ट्रेंडी फैशन ज्वेलरी में से एक हैं, ये आमतौर पर चांदी, मिश्र धातु या सस्ते बेस मेटल से बनी आकर्षक ज्वेलरी होती है।

# भारत रंग महोत्सव आज से, पहले दिन 'पारो' का मंचन

## राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली का 3 से 8 फरवरी तक आयोजन

**रायपुर।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित भारत रंग महोत्सव का संस्करण 3 से 8 फरवरी तक होने जा रहा है। पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में शाम साढ़े 6 बजे शुरू होने वाले आयोजन में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि होंगे । अध्यक्षता राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली के पूर्व निदेशक देवेंद्र राज अंकुर करेंगे। छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन, विधायक एवं फिल्म अभिनेता अनुज शर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। इस अवसर पर संजय उपाध्याय के साथ प्रदेश के वरिष्ठ रंगकर्मी राजकमल नायक सहित सभी प्रसिद्ध रंगकर्मी इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। आयोजन का संयोजन कर रहीं लोक गायिका, अभिनेत्री एवं रंगकर्मी गरिमा दिवाकर ने बताया कि आयोजन का शुभारंभ तय समय पर किया जाएगा।

### पहले दिन नाटक पारो की होगी प्रस्तुति



संयोजिका ने बताया कि यह पहला अवसर होगा, जब छत्तीसगढ़ की राजधानी में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के 20वें भारत रंग महोत्सव और छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती को यादगार बनाने की पहल होगी। इस आयोजन से रंगकर्मियों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। महोत्सव में हर दिन शाम को अलग-अलग निर्देशकों के मार्गदर्शन में नाट्य मंचन किया जाएगा। हर प्रस्तुति के बाद उसके खास लम्हे, निर्माण के साथ ही अभिनय की बारीकियों पर भी एक्सपर्ट अपना वक्तव्य देंगे। पहले दिन यानी मंगलवार की शाम दर्शकों को लेखक विवेक कुमार (बाबा नागार्जुन के उपन्यास पर आधारित) और शारदा सिंह के निर्देशन में पटना बिहार के कलाकारों द्वारा नाटक पारो की प्रस्तुति दी जाएगी।

# जगजीत सिंह की गजलों की महफिल 8 को सजेगी



**रायपुर।** शहंशाह ए गजल स्व. जगजीत सिंह के जन्मदिन पर 8 फरवरी रविवार को एक शाम जगजीत के नाम का आयोजन महफिल द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में जगजीत सिंह की नायाब गजलों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम संस्था गुनरस पिया फाउंडेशन द्वारा राजकुमार कॉलेज के सामने जीई रोड रायपुर स्थित महेश भवन के वातानुकूलित सभागार में शाम 6.30 बजे से आयोजित है। इस कार्यक्रम में दीपक गुणवंत व्यास के निर्देशन में डॉ. जावेद अली, अनुराग शुक्ल, गिरीश मिश्र, गौतम घाटगे, अतीक रहमान, रचना चांडक, आराधना बैद, डी. लता एवं वैशाली जोशी, जगजीत सिंह एवं चित्रा सिंह की गजलों को प्रस्तुत करेंगे। कलाकारों के साथ की-बोर्ड पर सत्या मुदलियार, तबले पर अनुराग सिंह, गिटार पर अतीक रहमान एवं आदित्य सिंह व ऑक्टोपैड पर नागेश साहू साथ देंगे। कार्यक्रम की सूत्रधार जानी-मानी उद्घोषिका एवं साहित्यकार शुभ्रा ठाकुर हैं। संस्था के निदेशक दीपक व्यास ने बताया कि इस कार्यक्रम में श्रोताओं को निशुल्क प्रवेश दिया जाएगा।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राखी में सुबह 10 बजे आयोजन

कार्नर न्यूज

# नवा रायपुर में आज से खुलेगा प्रदेश का पहला स्पेस सेंटर अंतरिक्ष यात्री कैप्टन शुभांशु बताएंगे अंतरिक्ष विज्ञान के रहस्य

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के शैक्षिक और वैज्ञानिक क्षेत्र में एक नई अंतरिक्ष क्रांति की शुरुआत होने जा रही है। अंतरिक्ष यात्री पहली बार छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। जिला प्रशासन रायपुर एवं आईडीवायएम फाउंडेशन द्वारा, सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड के सहयोग से "प्रोजेक्ट अंतरिक्ष संगवारी" का शुभारंभ किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत नवा रायपुर में प्रदेश के पहले अत्याधुनिक अंतरिक्ष केंद्र की स्थापना की जा रही है, जिसका लोकार्पण 3 फरवरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राखी नवा रायपुर में सुबह 10 बजे किया जाएगा। यह प्रोजेक्ट राज्य के विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान, उपग्रह तकनीक और आधुनिक स्पेस रिसर्च से सीधे जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। अंतरिक्ष केंद्र के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान मिलेगा, बल्कि वे उपग्रह निर्माण, परीक्षण और संचालन की वास्तविक प्रक्रिया को भी नजदीक से समझ सकेंगे।



मुख्यमंत्री के साथ टेस्ट पायलट ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला होंगे शामिल

### पायलट ग्रुप कैप्टन शुक्ला पहली बार छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे

*इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत के प्रतिष्ठित अंतरिक्ष यात्री, अशोक चक्र से सम्मानित एवं भारतीय वायुसेना के वरिष्ठ टेस्ट पायलट ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला पहली बार छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे। गगनयान मिशन के अग्रणी नायकों में शामिल ग्रुप कैप्टन श्री शुक्ला "प्रोजेक्ट अंतरिक्ष संगवारी" के ब्रांड एंबेसडर के रूप में विद्यार्थियों से संवाद करेंगे और उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे। अंतरिक्ष केंद्र का लोकार्पण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में होगा। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव तथा कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब की विशेष उपस्थिति रहेगी।*

### व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकेंगे

नवा रायपुर में स्थापित यह अंतरिक्ष केंद्र अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इसमें इसरो मानकों के अनुरूप स्पेस क्वालिफाइड क्लीन रूम, स्टूडेंट सैटेलाइट लेबोरेटरी तथा ग्राउंड स्टेशन एवं मिशन कंट्रोल सेंटर की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जहां विद्यार्थी स्वयं उपग्रह की डिजाइन, असेम्बलिंग, परीक्षण तथा सिग्नल व डेटा डिकोडिंग का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। प्रोजेक्ट अंतरिक्ष संगवारी" का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़ाकर वास्तविक वैज्ञानिक प्रयोगों से जोड़ना, राज्य में अनुसंधान एवं नवाचार की संस्कृति को सशक्त करना तथा छत्तीसगढ़ को भविष्य में स्पेस टेक्नोलॉजी और रिसर्च हब के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करना है।

**समाज लाइव**

## विधवा-विधुर, दिव्यांग और तलाकशुदा के लिए परिचय सम्मेलन, बांटी जिम्मेदारी



**रायपुर।** सामाजिक संस्था रायपुर ब्राइट फाउंडेशन की अहम बैठक बुढ़ापारा चौक स्थित कार्यालय में रखी गई। पदाधिकारियों ने आगामी 22 फरवरी को पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर सत्संग हॉल में होने जा रहे सम्मेलन के लिए जिम्मेदारी तय की है। सभी जाति और समाज की विधवा, विधुर और वैध तलाकशुदा युवक-युवती, दिव्यांग, सभी उम्र की महिला एवं पुरुषों के पुनर्विवाह के लिए आयोजित किए जा रहे परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। विभिन्न कार्यों के लिए जिम्मेदारी भी बांटी गई है। फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप शितूत, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर, महासचिव अनघा करकशे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी।

### उम्रदराज और निर्धन कन्याओं को करेंगे शामिल

इस सम्मेलन के लिए अभी तक 126 पुरुषों और 43 महिलाओं ने अग्रिम पंजीयन कराया है। पंजीयन का दौर अभी लगातार जारी है। इस वर्ष महिलाओं का पंजीयन पूर्णतः निशुल्क किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ ले सके। वहीं दिव्यांगों के विवाह के लिए जानकी गुप्ता कार्यभार संभालेंगी। धमतरी की ज्योति हिरणवार और डॉ. सरिता दोशी सहित डोंगरगढ़ के प्रकाश गिरधर को अपने-अपने क्षेत्र का दायित्व दिया है। सम्मेलन स्थल पर बिना पंजीयन किसी भी प्रतिभागी को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। इस बार आर्थिक रूप से कमजोर, उम्रदराज, अविवाहित युवकों और निर्धन कन्याओं को भी शामिल किया जा रहा है।

**धर्म लाइव**

## श्रद्धा और विश्वास से प्राप्त होते हैं ईश्वर : पं. शास्त्री महाराज



**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम की ओर से आयोजित साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा में प्रसिद्ध कथाकार वृंदावनवासी पं. अखिलेश शास्त्री महाराज ने कहा कि भगवान ने हमें मनुष्य-योनी कृपा करके भगवान के भजन के लिए दी, लेकिन मनुष्य इस शरीर से विषय-वासनाओं का उपभोग करने लगा, इसलिए उसे जीवन में कष्ट होता है। अतः मनुष्य अज्ञात परमात्मा को जानने के लिए श्रद्धा के बल पर, विश्वास के बल पर उनकी ओर अग्रसर हो सकता है और उन्हें प्राप्त कर सकता है, श्रद्धा विश्वास रुपिणौ कहा गया है। विश्वास अडिग होना चाहिए। विश्वास के डिगने पर भगवान शंकर का उपदेश भी सती के काम नहीं आया। वे भगवान की ही परीक्षा लेने चली गईं।

### समर्पण से मिलते हैं भगवान

हमारा चिंतन सदा अनुकूलता की ओर ले जाने वाला होना चाहिए, प्रतिकूलता की ओर ले जाने वाला नहीं। प्रतिकूल चिंतन से पतन हो जाता है। घृणा, शंका, भय आदि अष्टपाशों से बंधा व्यक्ति भक्ति नहीं कर सकता। गोपियां भय, शंका, घृणा, जुगुत्सा आदि अष्टपाशों का त्याग कर श्रीकृष्ण के पास यमुना तट पर आईं। समर्पण से भगवान मिलते हैं, गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में स्वयं को पूर्णतः समर्पित कर दिया। केंवट के समर्पण और विश्वास ने रघुनाथजी को कोर्ट में गवाह बनकर जज के सामने खड़ा कर दिया और सेठ की कुचाल से रक्षा की। इतिहास साक्षी है।

**समाज इवेंट**

## युवक-युवती परिचय सम्मेलन में बने रिश्ते



**रायपुर।** केंद्रीय गोंड महासभा की जिला महिला इकाई व गोंडवाना महिला मित्र समिति द्वारा जलाराम भवन सिविल लाइन में आयोजित गोंडवाना युवक-युवती परिचय सम्मेलन में समाज के युवा उत्साह के साथ शामिल हुए। इस दौरान युवाओं ने मंच में आकर अपना परिचय दिया और जीवनसाथी चयन के लिए कदम बढ़ाया। युवक-युवती परिचय सम्मेलन में कुछ रिश्ते तय भी हुए है। समाज द्वारा यह युवक-युवती परिचय सम्मेलन विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए पालकों को रिश्ता ढुंढने में आ रही परेशानियों को दूर करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

### बड़ी संख्या में युवक युवतियों ने लिया हिस्सा

कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय गोंड महासभा के अध्यक्ष एमडी ठाकुर ने की। इस अवसर पर अतिथि के रूप में नगर निगम सभापति श्याम शर्मा, पार्षद मनीष कोठारी, युवराज कुंजाम, प्रदेश प्रवक्ता विष्णुदेव ठाकुर, महासभा के प्रमुख सलाहकार सीताराम ठाकुर, राजकुमार, ऋषि ध्रुव मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन वर्तमान समय की आवश्यकता है।

**15 फरवरी को भक्तिमय माहौल में मनेगी महाशिवरात्रि, मंदिर प्रबंधन ने शुरू की तैयारी**


# देशी-विदेशी फूलों से सजेगा महादेव का धाम, चांदी के आभूषणों से महाशिवरात्रि पर करेंगे दिव्य श्रृंगार

**रायपुर।** शिवालयों में इस बार महाशिवरात्रि से एक दिन पहले शाम से ही आयोजनों का आगाज होने वाला है। इसके लिए शहर के छोटे-बड़े मंदिरों में आयोजकों ने तैयारी शुरू की है। सरोना शिव मंदिर में भक्तों का मेला लगने वाला है। यहां भक्त परिवार अभिषेक करने के लिए पहले ही जानकारी देते हैं। भाठागांव के श्रीहर नीलकंठेश्वर मंदिर में शिवरात्रि पर उत्सव का माहौल बनने वाला है। दूसरे दिन यानी सोमवार को भोग-भंडारे का आयोजन भक्तों के लिए किया जाएगा। मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भोले शिवरात्रि पर आकर्षक श्रृंगार में दर्शन देंगे। शहर की बस्तियों और कॉलोनियों में होने वाले धार्मिक आयोजनों से शिवरात्रि पर भक्ति का चौतरफा रंग चढ़ेगा। उत्सव को महोत्सव का रूप देने के लिए सभी शिवालयों में रंगाई-पोताई के बाद व्यवस्था बनाने के लिए तैयारी की जा रही है।

### यहां दिनभर लगेगा शिव भक्तों का मेला


रावांभाठा बंजारी कैंपस में बंजारेश्वर धाम में 14 फरवरी की शाम से ही उत्सव की श्रृंखला सजने वाली है। महाशिवरात्रि के दिन मेले जैसा माहौल बनता है। दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रमुख हरीश भाई जोशी ने व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी वॉलंटियर्स को दी है, ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न होने पाए। पंचमुखी महादेव मंदिर सरोना के पुजारी शंकर गोस्वामी ने बताया कि सुबह से रात तक पूजा-अभिषेक की श्रृंखला सजाई जाएगी। इसके साथ ही क्षेत्र के ठाकुर परिवार द्वारा शिव की बारात भी निकाली जाएगी। दोपहर में 12 बजे गर्भगृह का पट बंद होने पर शिव और मां पार्वती का सोने-चांदी के आभूषणों से श्रृंगार किया जाएगा।

'शिव भक्तों ने महाशिवरात्रि से पहले ही उत्सव का रूप देने की तैयारी शुरू कर दी है। 15 फरवरी रविवार को शिव उपासकों को दिनभर पूजा-अभिषेक के लिए शुभ मुहूर्त मिल रहा है। इसे देखते हुए शिवालयों में तैयारियों का सिलसिला तेज हो गया है। महापर्व पर महादेव के धाम को जहां देशी-विदेशी फूलों से सजाया जाएगा, वहीं भोलेनाथ का चांदी के आभूषणों से दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। सुबह अलग-अलग द्रव्यों से आराध्य देव का अभिषेक और श्रृंगार करने के बाद श्रद्धालुओं को दर्शन का अवसर देने गर्भगृह के पट खोले जाएंगे।'



### चांदी के आभूषणों से किया जाएगा श्रृंगार

*पाटन के ठकुराइन टोला स्थित शिव मंदिर में मेला उत्सव की तैयारी है। यहां हर साल की तरह पारंपरिक तरीके से ही महाशिवरात्रि का आयोजन होगा। इसके लिए समिति ने तैयारी शुरू की है। बारात स्वागत सहित सभी रस्में विधि-विधान से निभाई जाएंगी। मंदिर प्रबंधन ने जिम्मेदारी बांटी है, ताकि व्यवस्था बना सकें। वहीं, श्रीहर नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर भाठागांव के संस्थापक मनोज वर्मा ने बताया कि 15 फरवरी को ब्रह्म मुहूर्त में पूजा-अर्चना के साथ अभिषेक शुरू होगा। इस बार महादेव की आकर्षक झांकी उत्सव को खास बनाएंगे। शाम को आकर्षक बारात निकलेगी। शिव-पार्वती का चांदी के आभूषणों से दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। पट खुलने पर लोग दर्शन करेंगे।*



### नरहरेश्वर महादेव का फूलों से सजेगा दरबार

सिद्धार्थ चौक के पास स्थित श्री नरहरेश्वर महादेव के श्रीधाम में महाशिवरात्रि का आयोजन भक्तिमय माहौल में किया जाएगा। मंदिर के पुजारी देवचरन शर्मा ने बताया कि इस साल भी कोलकाता से देशी-विदेशी फूल मंगाया और उससे महादेव के गर्भगृह को सजाने के लिए तैयारी की गई है। महाशिवरात्रि के दिन सुबह 4 बजे से दिव्य दरबार सजाने से पहले भोलेनाथ का अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद श्रृंगार पूजा के बाद आने वाले भक्तों को दर्शन करने का अवसर दिया जाएगा। पारंपरिक तरीके से हर साल होने वाले भजन-कीर्तन का आयोजन इस साल भी किया जाएगा।



### आयोजन को सफल बनाने तय किया दायित्व

नीलकंठ सेवा संस्था की अगवाई में स्टेशन रोड नहरपारा स्थित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव का आगाज 12 फरवरी से होने वाला है। पंडित नीलकंठ त्रिपाठी ने बताया कि पहले दिन पीताम्बरा उत्सव मनाया जाएगा। इसके बाद 13 को हरित श्रृंगार उत्सव किया जाएगा। इस श्रृंखला में 15 को शिव-पार्वती मिलन उत्सव के बाद 16 को मां अन्नपूर्णा महाप्रसादी उत्सव मनाया जाएगा। लगातार निभाई जाने वाली परंपरा को गति देने के लिए सेवा संस्था ने अलग-अलग लोगों को आयोजन को सफल बनाने का दायित्व दिया है।



## मौसम बदलते ही तालाब के पानी में अठखेलियां...









मरीन ड्राइव तालाब में बत्तख पक्षियों का झुंड पर्यटकों के लिए बना आकर्षण का केन्द्र। सफेद रंग के बत्तख के अनगिनत पक्षियां मौसम का आनंद लेने अपने घरौंदे से बाहर निकलकर मरीन ड्राइव तालाब की पानी में अपने खाना तलाशने के साथ-साथ बदलते तापमान से खुद को तरो ताजा रखने अपने साथियों और बच्चों के साथ अठखेलियां करते नजर आईं।

## सिंधी सामूहिक विवाह-जनेऊ और मुंडन संस्कार 12 को, बैठक में बांटी जिम्मेदारी



**रायपुर।** संत बाबा गेलाराम साहब के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पूज्य गोदड़ीवाला दरबार देवपुरी एवं छत्तीसगढ़ जनरल सिंधी प्रदेश पंचायत की ओर से 12 फरवरी को निशुल्क सिंधी सामूहिक विवाह एवं जनेऊ-मुंडन संस्कार समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को गोदड़ीवाला धाम देवपुरी में सेवादारों की बैठक हुई। इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं अन्य राज्यों से आने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवास, पंडाल, नास्ता एवं भंडारा, स्वास्थ्य शिविर, परिवहन की व्यवस्था के लिए दरबार के सेवादारी इंद्रलाल सचदेव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी, दिनेश दवानी आदि से चर्चा कर सेवा सौंपी गई। साथ ही पंचायत के पदाधिकारियों को मुकुट बंधन, जनेऊ, मुंडन, बारात स्वागत, वेदी कार्यक्रम को विधि-विधान से संपन्न कराने एवं सिंधु महाराज मंडल की व्यवस्था करने के लिए तथा नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद स्वरूप समाज की तरफ से उपहार की व्यवस्था के लिए चर्चा कर सेवा सौंपी गई। यह कार्यक्रम ब्रह्मस्वरूप संत बाबा हरदासराम साहब, संत बाबा गेलाराम साहब, पूज्य माता ईशा देवी चोलेवाली के शुभ आशीर्वाद से जलगांव साहब दरबार के महंत देवीदास, देवपुरी दरबार की महंत अम्मा मीरा देवी तथा साधु-संतों के सानिध्य में होगा। आदर्श विवाह के लिए 5 जोड़ों का पंजीयन एवं जनेऊ, मुंडन संस्कार के लिए 50 बटुकों का पंजीयन प्राप्त हो चुका है, नवविवाहित जोड़ों एवं बटुकों को आशीर्वाद देने के लिए शदाणी दरबार के संत साईं युधिष्ठिर लाल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पंचायत के पदाधिकारी हीरा मखीजा, प्रकाश लालवानी, सुरेश बठेजा, नरसा लालवानी, मयूर पंजवानी, गुरनामल रोहरा, संजय मंधान, जयराम बठेजा, जैसाराम रमानी, विजय बठेजा आदि बैठक में शामिल हुए।

**आगामी गर्मी के मौसम में डिमांड के मद्देनजर बड़े पैमाने पर तैयार किए जा रहे मिट्टी के घड़े**

# गर्मी की आहट के साथ ही देशी फ्रिज बनाने में जुटे कुंभकार, अच्छी आमदनी की आस

**कार्नर न्यूज**

गर्मी की दस्तक होते ही देसी फ्रिज यानी मिट्टी के मटकों की पूछपरख बढ़ जाती है। गर्मी सीजन के दौरान बाजार में मटकों की मांग को देखते हुए इस साल अभी से महादेवघाट, माना, रायपुरा, पुरानी बस्ती, कालीबाड़ी के कुम्हार बड़े पैमाने पर मिट्टी के बर्तन व घड़े बनाने में जुट गए हैं।



**रायपुर।** शहर व ग्रामीण अंचल में मटकों की हर साल खपत को देखते हुए कुम्हार परिवार के लोग कई महीनों से इसकी तैयारी में जुट जाते हैं। इस साल भी मिट्टी से मटके, सुराही, कलश, दीए आदि सामान बनाने के पारंपरिक व्यपार से जुड़े लोग इसका निर्माण शुरू कर चुके हैं। महादेवघाट निवासी सूरज कुंभकार ने बताया कि इस साल यदि मौसम ठीकठाक रहा तो अच्छी आमदनी की आस है। गर्मी के तीन-चार महीने में थोड़ी-बहुत आमदनी हो जाती है। इस बार जिस तरह से ठंड पड़ी है, वैसे ही गर्मी भी पड़ने का अनुमान है। इसे देखते हुए बड़े पैमाने पर मटके तैयार किए जा रहे हैं। गर्मी के सीजन में मटकों की मांग बढ़ जाती है। मटके का पानी पीने के शौकीन लोग ही इसकी खरीदी करते हैं।

### मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी

*कालीबाड़ी और पुरानी बस्ती के पास मटके व मिट्टी से बनी सामग्री के स्टॉल लगाए व्यापरियों ने बताया कि शहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण अंचलों से कुम्हारों से मटके और मिट्टी के बर्तन खरीदकर बेचते हैं। गर्मी के दिनों में मटकी की कीमत 100 से 200 रुपए तक हो जाती है, पर आउट सीजन में इसे 50 से 70 रुपए के बीच बेचते हैं। शादी-विवाह, नवरात्रि के सीजन में भी इसकी डिमांड खूब रहती है। सूरज कुंभकार व बिमला बाई कुंभकार ने बताया कि शहर के कई लोग तो सालभर मटके का ही पानी पीते हैं, क्योंकि इनका मानना है कि स्वास्थ्य के लिहाज से मटके का पानी शरीर के लिए अनुकूल रहता है।*

### सीजन में डिमांड दोगुनी

*कुम्हारों का कहना है कि गर्मी की तैयारी दो महीने पहले ही शुरू हो जाती है। मटका निर्माण से जुड़े लोगों ने बताया कि मटके व मिट्टी के अन्य सामान तैयार करने की लागत हर साल बढ़ती ही जा रही है। मिट्टी, भूसा व लकड़ी के दामों में काफी बढ़ोतरी हुई है। इसका सीधा असर मिट्टी से तैयार सामान की कीमतों पर पड़ा है।*

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 20 साल बाद फिर साथ दिखीं मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे



हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' का पहला ट्रेलर रिलीज हो चुका है। दूसरे पार्ट में भी पुराने किरदारों की वापसी हो रही है। मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे 20 साल बाद इस फिल्म में साथ नजर आएंगी। यह फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। जानिए, फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के ट्रेलर से जुड़ी खास बातें। फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के ट्रेलर में मेरिल स्ट्रीप का किरदार रनवे मैगजीन की एडिटर-इन-चीफ मिरांडा के रोल में फिर दिख रही है। ट्रेलर में नजर आता है कि मिरांडा की फैशन मैगजीन खत्म होने के कगार पर बढ़ रही है। ऐसे वक्त में ऐनी हैथवे के किरदार की एंट्री होती है। ऐनी हैथवे का किरदार पहली फिल्म में मिरांडा की मैगजीन में काम करता था। अब क्या वह मिरांडा को मुश्किल वक्त में मदद कर पाएगी या कहानी अलग ही मोड़ लेगी।

फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' में मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे के अलावा एमिली ब्लंट, स्टेनली टुकी, ट्रेसी थॉमस और टिबोर फेल्डमैन भी वापसी कर रहे हैं। ये सभी एक्टर्स पहली पार्ट में भी थे। वहीं फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' में कुछ नए एक्टर्स भी शामिल हुए हैं। इसमें केनेथ ब्रानघ, पैट्रिक ब्रामल, सिमोन एशले, लूसी लियू, बीजे नोवाक, जस्टिन थेरॉक्स, लेडी गागा और पॉलीन चालमेट के नाम शामिल हैं। वैरायटी की खबर के अनुसार इस फिल्म में एड्रियन ग्रेनियर भी नजर आएंगी। फिल्म के निर्देशक डेविड फ्रैंकल हैं।

### टॉलीवुड

## 1000 करोड़ी फिल्म वाली एक्ट्रेस नयनतारा का जलवा



साउथ फिल्म इंडस्ट्री आज के दौर में काफी ग्रो कर चुकी है और इस इंडस्ट्री के कलाकारों की पूछ अब हर तरफ है। एक्टर्स ही नहीं कई सारी ऐसी अभिनेत्रियां भी रही हैं जिनकी पॉपुलैरिटी पिछले कुछ समय में तेजी से बढ़ी है। इस लिस्ट में समांथा रुथ प्रभु और रश्मिका मंदाना के अलावा अब नयनतारा का नाम भी जुड़ गया है। साल 2026 में साउथ की कई सारी फिल्में पाइपलाइन में हैं। इसमें से कुछ फिल्में तो ऐसी हैं जिनकी रिलीज डेट पहले ही आ चुकी है। वहीं कुछ ऐसी भी फिल्में हैं जिनकी रिलीज को संभावित बताया जा रहा है। प्रभास, रजनीकांत, यश और रश्मिका मंदाना की फिल्में तो इसमें शामिल हैं साथ ही इस साल नयनतारा की फिल्मों का भी अपकमिंग प्लान तैयार है। ऐसे में आइए जानते हैं कि साउथ और बॉलीवुड की जनता को इंप्रेस करने वाली नयनतारा इस साल कौन सी 5 फिल्मों के जरिए एक साथ आने जा रही हैं। इसमें से कुछ डेट तो ऑफिशियल हो गई है जबकि कुछ की अनाउंसमेंट होनी अभी बाकी है। साल की शुरुआत नयनतारा साउथ मेगास्टार यश की फिल्म टॉक्सिक से करने जा रहे हैं। साउथ एक्ट्रेस नयनतारा काफी समय से फिल्में कर रही हैं लेकिन बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म जवान के बाद से उनकी पॉपुलैरिटी काफी बढ़ गई। एटली के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया था। फिल्म में बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान के सामने नयनतारा एक्शन मोड में नजर आई थीं। फिल्म के बाद से ही जैसे एक्ट्रेस के हाथ जैकपॉट लग गया और अब इस फिल्म की रिलीज के 2 साल में ही उनके पास फिल्मों की भरमार है। इसकी शुरुआत यश की फिल्म टॉक्सिक से होने जा रही है। ये फिल्म 19 मार्च 2026 को रिलीज की जाएगी। यहां इस फिल्म का सामना रणवीर सिंह की धुरंधर 2 से होने जा रहा है।

### भोजपुरी

## कल्लू का खुला ऐलान आया पोस्टर और छा गया




भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री के चॉकलेटी स्टार अरविंद अकेला कल्लू एक बार फिर अपनी जादुई आवाज से होली पर्व को दुगना करने के लिए तैयार हैं। कल्लू का होली स्पेशल ट्रैक 'देवरवा रेडी बा' के आधिकारिक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। गाने का पोस्टर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। 'देवरवा रेडी बा' होली गाना भोजपुरी सुनने वालों के लिए एक बड़ा तोहफा साबित हो सकता है। अरविंद अकेला कल्लू और भोजपुरी की उभरती हुई टैलेंटेड एक्ट्रेस प्रिया पाठक की जोड़ी रिलीज हुए पोस्टर में जबरदस्त लग रही है। पोस्टर में रंगों से सराबोर दोनों कलाकार एक वाइब्रेंट और एनर्जी वाली केमिस्ट्री शेयर करते नजर आ रहे हैं। होली के इस पोस्टर की थीम पूरी तरह से पारंपरिक और मस्ती भरा है, जो दर्शकों को सीधे गांव की फागुन वाली होली की याद दिलाती है। भोजपुरी होली गाना 'देवरवा रेडी बा' में फैंस के बीच इस नई जोड़ी को साथ देखने के लिए भारी उत्साह नजर है। इस गाने की सबसे बड़ी खासियत इसकी गायकी है। अरविंद अकेला कल्लू के साथ शिल्पी राज ने अपनी आवाज दी है। जब भी ये दोनों दिग्गज सिंगर एक साथ गाते हैं तो रिकॉर्ड्स टूटना तय माना जाता है। इस गाने को गौतम ने लिखा है, उनके शब्द होली की छेड़छाड़ और ठिठोली को बखूबी दर्शाते हैं।

### लाइफ स्टाइल

हो सकता है आप अभी सर्दियों के आराम वाले मूड में हों, लेकिन 2026 के स्प्रिंग/समर ट्रेंड आपके होश उड़ा सकते हैं। अब, डिज़ाइनर अपनी दिशा बदल रहे हैं, नीले रंग के सरप्राइज़िंग शेड्स और कॉस्ट्यूम और थिएटर वाले बैंड जैकेट के साथ अप्रत्याशित तरीकों से सामने आ रहे हैं। दूसरी जगहों पर, चीज़ें टेक्निकल फैब्रिक और सर्फ से मिलते-जुलते शेप के साथ पानी की तरफ जा रही हैं। अब किसी एक ट्रेंड को अपनाना नहीं बल्कि आइडिया का एक मिक्स है जिसे पहना जाना है।




## चेहरे को चमकाने के काम आती है केसर, जानें इसके इस्तेमाल का सही और आसान तरीका

अक्सर आपने सुना होगा कि शरीर की आंतरिक मजबूती के लिए डॉक्टर्स दूध में केसर डालकर पीने की सलाह देते हैं। बड़ों के साथ-साथ बच्चों के लिए भी केसर काफी फाययदेमंद होता है। जिस तरह से केसर के इस्तेमाल से शरीर तंदरुस्त बनता है, ठीक उसी तरह से चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए भी केसर का इस्तेमाल किया जाता है। दरअसल, इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स की अच्छी मात्रा होती है, जिस वजह से इसके इस्तेमाल से त्वचा पर रैशेज से छुटकारा मिलता है। इसके साथ ही केसर में पाए जाने वाले एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण की वजह से चेहरे पर होने वाली खुजली से राहत मिलती है। वैसे तो आपको बाजार में आसानी से केयर से बने फेसपैक मिल जाएंगे, लेकिन बहुत से लोग बाजार में मिलने वाले प्रोडक्ट पर भरोसा नहीं करते। ऐसे में आप घर पर ही केसर की मदद से फेसपैक तैयार कर सकती हैं। हम आपको घर पर पैक तैयार करने का आसान तरीका बताने जा रहे हैं।



### केसर और दूध

केसर और दूध का सेवन जिस तरह से शरीर के लिए फायदेमंद होता है, ठीक उसी तरह से इसको आप चेहरे पर लगाकर ग्लोइंग त्वचा पा सकते हैं। इसके लिए आपको बस थोड़ा सा दूध लेकर उसमें केसर के 3-4 धागे डालें। अब इसे मिलाकर रूई की मदद से अपने चेहरे पर लगाएं। चेहरे के दाग-धब्बों को हटाने में ये आपकी मदद कर सकता है।

### केसर और शहद

एक कटोरी में शहद लेकर उसमें तीन से चार केसर के धागे डालें। इसके बाद इसे अच्छी तरह से मिक्स करें। इसे लगाने से पहले चेहरे को गीला जरूर कर लें। चेहरे को गीला करने के बाद पैक को चेहरे पर लगाएं और 10 मिनट के बाद चेहरा साफ कर लें। आप इसका इस्तेमाल हर दूसरे दिन कर सकते हैं।

### केसर और बादाम

इसका पैक तैयार करने के लिए आपको दूध की भी जरूरत पड़ेगी। इसको तैयार करने के लिए आपको पिसे हुए बादाम और केसर के कुछ धागों की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए कटोरी में पानी लें और बादाम और केसर को एकसाथ भिगोकर रख दें। अगली सुबह इसे पीस लें। ये पेस्ट काफी गाढ़ा होता है, ऐसे मे आप इसे सही करने के लिए दूध का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आपकी आंखों के नीचे डार्क सर्कल चेहरे की खूबसूरती को खराब कर रहे हैं, तो आप केसर की मदद से ग्लोइंग त्वचा पा सकते हैं।

## चाहिए परफेक्ट लुक तो साड़ी पहनते वक्त रखें इन बातों का ध्यान




साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे कभी भी और कहीं भी पहना जा सकता है। लड़कियों से लेकर हर उम्र की महिला काफी मन से साड़ी पहनती हैं। साड़ी हमारी भारतीय संस्कृति को दर्शाती है। ऐसे में महिलाएं शादी-विवाह के साथ-साथ दफ्तरों में भी साड़ी पहनकर जाती हैं। साड़ी महिलाओं को इसलिए भी पसंद आती है, क्योंकि उसे पहनने के लिए किसी को अपना साइज नहीं देखना पड़ता।

आप चाहे पतली हों, या फिर आपका वजन ज्यादा हो, साड़ी हर किसी के ऊपर काफी जचती है लेकिन कई बार हम साड़ी पहनते वक्त कुछ गलती कर देते हैं। इन गलतियों की वजह से पूरा साड़ी लुक बिगड़ जाता है। ये गलतियां इतनी मामूली होती हैं, कि बहुत सी महिलाओं को तो ये समझ ही नहीं आतीं।

खासतौर पर महिलाओं को इस बात का संशय काफी रहता है कि कहीं वो साड़ी में मोटी तो नहीं लग रहीं। ऐसे में आज के इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको साड़ी पहनते वक्त जरूर रखना चाहिए।

### खुला रखें पल्लु

अगर आप चाहती हैं, कि साड़ी में आपका वजन ज्यादा ना दिखे तो आप साड़ी का पल्लु हमेशा खुला ही रखें। अगर आप इसमें प्लीट्स बना देंगी, तो आपके शरीर का ऊपर का भाग हैवी दिखेगा।

### साड़ी के वजन का रखें ध्यान

बहुत सी महिलाएं अपने वजन को लेकर काफी डरी हुई रहती हैं। ऐसे में अगर आपका वजन ज्यादा है तो हमेशा हल्के वजन वाली साड़ी को ही चुनें। अगर आप हैवी साड़ी पहनेंगी, तो आपका वजन और ज्यादा दिखेगा।

### शेपवियर देगा परफेक्ट लुक


आप अगर सादा पेटीकोट की बजाय शेपवियर के साथ साड़ी पहनेंगी तो आपका लुक ज्यादा खूबसूरत दिखेगा। शेपवियर की वजह से लुक और प्यारा दिखता है। साड़ी में पतला दिखने के लिए हमेशा डार्क रंग की साड़ी का चयन करें। अगर आप हल्के रंग की साड़ी पहनेंगी तो आपका वजन ज्यादा दिख सकता है।

## इस मौसम के लिए परफेक्ट हैं लिपस्टिक के ये शेड्स, करें ट्राई

मेकअप लुक को कंप्लीट करने के लिए हम लिपस्टिक लगाते हैं, ताकि चेहरे के साथ-साथ लिप्स भी खूबसूरत नजर आए। सर्दियों का सीजन शुरू होते ही हम अपने स्किन केयर और मेकअप प्रोडक्ट को चेंज करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में स्किन ड्राई होने लगती है। लिप्स भी फटने लगते हैं। ऐसे में मैट मेकअप करते हैं तो वो अच्छा नहीं लगता है। ऐसे में जरूरी है कि आप ग्लॉसी मेकअप करें और इसके साथ लिपस्टिक के यहां बताए गए इन 2 शेड्स को ट्राई करें। इससे आपके लिप्स काफी सुंदर नजर आएंगे, साथ ही आपको नए ट्राई करने के लिए मिलेंगे। चलिए आपको बताते हैं सर्दियों के हिसाब से कौन से 2 लिपस्टिक शेड्स हैं जो अच्छे लगेंगे।

### डार्क ब्राउन शेड लिपस्टिक करें ट्राई

सर्दियों में लिप्स ड्राई नजर आते हैं और फटने की वजह से उनका कलर भी डार्क हो जाता है। ऐसे में अगर आप रेड लिपस्टिक या पिंक कलर लगाएंगी तो वो होंठों पर अच्छी नहीं लगेगी। इससे बेस्ट है कि आप डार्क ब्राउन कलर लगाएं। इसमें आपको लिक्विड और



ग्लॉसी हर एक तरह के कलर मिल जाएंगे। आप चाहे तो चॉकलेट ब्राउन या फिर न्यूड ब्राउन कलर भी ले सकती हैं। इस तरीके शेड्स न्यूड या फिर ब्राउन टोन मेकअप के साथ काफी अच्छे लगते हैं। इसकी खरीदारी आप ऑनलाइन या फिर मेकअप स्टोर पर जाकर करें, ताकि आपको इसे अप्लाई करके देखने का मौका भी मिले।

### न्यूड शेड लिपस्टिक

आप इस विंटर अपने लिप्स के लिए न्यूड शेड लिपस्टिक ले सकती हैं। ये काफी अच्छी लगती हैं और इसे किसी भी ओकेजन (ऑफिस के लिए लिपस्टिक शेड्स) पर लगाया जा सकता है।

## लाल, हरी और पीले रंग वाली चूड़ी सेट के ये नए डिजाइंस हैं खास, बसंत पंचमी पर आएंगे काम

हाथों की शोभा बढ़ाने के लिए आप हथेली के आकार के हिसाब से चूड़ी के डिजाइन को चुनना चाहिए। आप चाहे तो इनका एक सेट भी बनाकर पहन सकते हैं। अपने लुक को खास बनाने के लिए हम कई तरीके की चूड़ी व कंगन को पहनते हैं। ज्यादातर हम ऐसा किसी ओकेजन में स्टाइलिश दिखने के लिए करते हैं। आजकल मार्केट में हाथों के आकार और लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से आपको चूड़ी के सेट मिल जाएंगे। बसंत पंचमी इस बार 2 व 3 फरवरी को मनाई जा रही है। इस दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। वहीं इस हम लाल, पीली और हरे रंग जैसे कई कलर्स की चूड़ी सेट पहनी जाती है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं बसंत पंचमी के दिन में पहनने के लिए चूड़ी सेट के नए डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### लाल रंग के चूड़ी सेट डिजाइन

लाल रंग की चूड़ी लगभग हर तरह के कलर कॉम्बिनेशन वाली आउटफिट क्र साथ पहन सकती हैं। आप चाहे तो इस तरह की चूड़ी के साथ अलग-अलग तरह चौड़े साइज वाले कंगन पहन सकती हैं। इसके



अलावा आप लाल रंग की चूड़ी के साथ 4 से 5 अलग कलर्स की पतली चूड़ी को मिलाकर सेट बना सकती हैं। बसंत पंचमी के दिन पीले रंग की चूड़ियां पहनना बेहद शुभ माना जाता है और इसमें आपकोप्लेन से लेकर बारीक नग में काफी डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। वहीं आप चाहे तो इन्हें भारी और फैंसी लुक देने इ लिए साथ में मीडियम या चौड़े साइज के पर्ल डिजाइन कंगन को पहन सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

### ऑफिस कैजुअल लुक के लिए स्वेटर को ऐसे करें स्टाइल, दिखेंगे सबसे अलग

## सर्दियों के मौसम की विदाई में स्वेटर भी चुनें फैशन के अनुरूप, लोग आपकी तारीफ करते नहीं थकेंगे

*सर्दियों का मौसम अब जल्द ही विदा होने वाला है। ऐसे में ऑफिस कैजुअल लुक के लिए आपको अपने स्टाइल को बदलने की जरूरत होती है, ताकि आप परफेक्ट नजर आए। हम सभी अपने लुक्स को लेकर हमेशा अपडेट रहते हैं। इसलिए जो भी फैशन ट्रेंड चल रहा होता है तो उसके हिसाब से कपड़े भी खरीदकर रखते हैं ताकि जब उन्हें वियर करें तो हर कोई हमारी तारीफ करें। लेकिन जब बात आती है ऑफिस कैजुअल लुक की तो इसके लिए हम जैकेट, कोट और श्रग खरीदते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है हमारा इन्हें एक ही तरीके से वियर करने का मन नहीं करता है। ऐसे में आप स्वेटर को अलग-अलग तरीके से स्टाइल कर सकती हैं, जिसके तरीके हम आपको बताएंगे।*



### डेनिम जींस के साथ करें स्टाइल

अगर आपको स्वेटर वियर करना है तो इसके लिए आप लूज डेनिम को पेयर कर सकती हैं। इसके साथ स्वेटर लुक अच्छा लगेगा, साथ ही आप ऑफिस में कम्फर्टेबल रहेंगी। इस फोटो में दीपिका पादुकोण ने भी ऐसे ही स्वेटर को स्टाइल किया हुआ है, साथ में बोल्ड आईमेकअप और एक्सेसरीज को एड किया है। उनके इस लुक को शलिना नथानी द्वारा स्टाइल किया गया है। आप भी अपने ऑफिस के लिए इस लुक को रीक्रिएट कर सकती हैं।

### एक्सेसरीज के साथ स्वेटर को करें स्टाइल

आप ऑफिस कैजुअल लुक के लिए आप स्वेटर के साथ एक्सेसरीज के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसके लिए (साड़ी रीयूज) आप वन लेयर चेन नेकलेस या फिर हूप्स इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं। इसमें आपका लुक भी अच्छा लगेगा और आप स्टाइलिश भी लगेंगी। ऐसी ज्वेलरी आप मार्केट से 100 से 200 रुपये में खरीद सकती हैं और ऑफिस में पहनकर जा सकती हैं।

### बेल्ट के साथ करें स्टाइल

अगर आप लूट स्वेटर को वियर कर रही हैं तो इसके साथ आप इससे आपका लुक कैजुअल लगेगा, साथ ही (पाकिस्तानी सलवार सूट) आपको कुछ अलग ट्राई करने का मौका मिलेगा। इसके लिए आप ब्लैक या फिर ब्राउन दोनों तरह की बेल्ट का इस्तेमाल कर सकती हैं जिस पर गोल्डन वर्क हुआ हो, ये काफी क्लासी लगती हैं और दिखने में अच्छी लगती हैं।

### इन चीजों को करें लुक में एड

अगर आपको लुक और ज्यादा स्टाइलिश बनाना है तो इसके लिए आप बूट्स, हेयर स्टाइल और मेकअप लुक से भी अपने आपको खूबसूरत दिखा सकती हैं। इससे भी आप अपने ऑफिस



कैजुअल लुक को अच्छा कर सकती हैं। आपकी राय हमारे लिए महत्वपूर्ण है! हमारे इस रीडर सर्वे को भरने के लिए थोड़ा समय जरूर निकालें। इससे हमें आपकी प्राथमिकताओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी।